अध्याय -1
अनुपात

1-1 अनुपात दो सजातीय राशियों a और b के प्रति तुलना संबंध के परिपेक्ष्य में विदित है कि– (1) a बराबर b का गणितीय अध्ययन संकेत $a = b$ (2) a छोटा है b से गणितीय अध्ययन संकेत $a<b$ (3) a बड़ा है b से गणितीय अध्ययन संकेत $a>b$ उक्त तीनों तुलना सम्बंध से अलग हटकर तुलना के चौथे स्वरूप में नवीन तुलना संबंध में यह बतलाना कि राशि b राशि a की कितनी गुनी अथवा a का कौन सा भाग है a अनुपात b कहलाता है। अध्ययन संकेत a:b है। जिसका मूलार्थ $a \div b = \frac{a}{b}$ है। गणितीय संकेत $a : b$ है। a और b को अनुपात पद विभाजन में क्रमशः पूर्वपद (पहले का पद) और परपद (बाद का पद) कहते है।

1-2 दो अनुपातों में तुलना दो अनुपात a:b तथा c:d में निम्नानुसार तुलना संबंध स्थापित होंगे–

(1) यदि $a : b = c : d \Rightarrow \frac{a}{b} = \frac{c}{d} \Rightarrow a * d = b * c$

(2) यदि $a : b < c : d \Rightarrow \frac{a}{b} < \frac{c}{d} \Rightarrow a * d < b * c$

(3) यदि $a : b > c : d \Rightarrow \frac{a}{b} > \frac{c}{d} \Rightarrow a * d > b * c$

1-3 पूर्वपद और परपद का अनुपात दर्शन

1• दर्शित अनुपात चयनित पूर्वपद और परपद का यथावत अनुपात निरूपण दर्शित अनुपात कहलाता है।

जैसे पूर्वपद 5 और परपद 8 का दर्शित अनुपात 5 : 8 , पूर्वपद 45 और परपद 60 का सरल अनुपात 45 : 60 ,

2• मानक अनुपात वे सभी दर्शित अनुपात जिनके पूर्वपद और परपद का महत्तम समापवर्तक (उभयनिष्ठ यथार्थ् भाजक) 1 हो है मानक अनुपात कहलाते हैं।

जैसे पूर्वपद 5 और परपद 8 का दर्शित अनुपात 5 : 8 मानक अनुपात है।

3• दर्शित अनुपात का मानक अनुपात निरूपण वे सरल अनुपात जिनके पूर्वपद और परपद के प्रति संख्या एक [1] के अतिरिक्त और अन्य कोई उभयनिष्ट गुणनखण्ड होते है को मानक अनुपात में निरूपित करने का मूल नियम दर्शित अनुपात के पूर्वपद और परपद को इनके महत्तम समापवर्तक द्वारा भाग देकर प्राप्त करना है।

अर्थात् a:b का मानक अनुपात निरूपण $(a \div m) : (b \div m)$ होगा जहाँ m a और b का महत्तम समापवर्तक है।

जैसे दर्शित अनुपात 45:60 का मानक अनुपात $= (45 \div 15) : (60 \div 15) = 3 : 4$ होगा।

जहाँ 15 45 और 60 का महत्तम समापवर्तक है।

दर्शित अनुपात 150:400 का मानक अनुपात $= (150 \div 50) : (400 \div 50) = 3 : 8$ होगा।

जहाँ 50 150 और 400 का महत्तम समापवर्तक है।

एक दर्जन : एक कोरी का मानक अनुपात $= 12:20$ का मानक अनुपात$= (12 \div 4) : (20 \div 4) = 3 : 5$ होगा।

जहाँ 4 12 और 20 का महत्तम समापवर्तक है।

4• प्रतिलोम अनुपात a:b का प्रतिलोम अनुपात मान = b:a होगा ।

जैसे 5:8 का प्रतिलोम अनुपात मान = 8:5 होगा । 150:400 का प्रतिलोम अनुपात मान = 400:150 होगा ।

अनुपात गुणक a:b का अनुपात गुणक से तात्पर्य a:b का परिमेय निरूपण $\frac{a}{b}$ के प्रति प्राप्त मानक भिन्न $\frac{x}{y}$ से है।

अथवा a:b का मानक अनुपात मान x:y का परिमेय निरूपण $\frac{x}{y}$ से है।

5• अनुपात गुणक समिका यदि a:b का अनुपात गुणक $\frac{x}{y} = g$ हो तो समिका $g = \frac{a}{b}$ को अनुपात गुणक समिका कहते है।

जैसे 250 ग्राम : 5 किलोग्राम का अनुपात गुणक मान अनुपात गुणक g

= 250 ग्राम : 5 *1000 ग्राम का अनुपात गुणक मान अनुपात गुणक $= \frac{250}{5*1000} = \frac{1}{20}$ होगा।

जबकि 250 ग्राम: 5 किलोग्राम का प्रतिलोम अनुपात 5 किलोग्राम: 250 ग्राम क गुणक मान अनुपात गुणक g

$= 5 *1000$ ग्राम : 250 ग्राम का अनुपात गुणक मान अनुपात गुणक $= \frac{5*1000}{250} = \frac{20}{1} = 20$ होगा।

अनुपात गुणक का अनुप्रयोग विस्तार अनुपात गुणक अनुप्रयोग विस्तार किसी दो या दो से अधिक अंकीय संख्याओं के वर्ग, घन चतुर्थ घात ....n घाती मान प्राप्त करने होता है।

1-4 अनुपातों का संयोजन अनुपातों का संयोजन मूलतः चार स्थितियों में दर्शित होता है –

1• मिश्र या संयोजित अनुपात 2• घातांकी अनुपात में संयोजित अनुपात

3• प्रतिलोम घातांकी अनुपात में संयोजित अनुपात 4• मूलानुपात संयोजन

1• मिश्र या संयोजित अनुपात दो या दो अधिक अनुपातों के संगत पदो का गुणा के प्रतिरूपण में दर्शित अनुपात को मिश्र या संयोजित अनुपात कहते हैं।

जैसे $a_1 : b_1$ और $a_2 : b_2$ से प्राप्त मिश्र या संयोजित अनुपात $(a_1 * a_2) : (b_1 * b_2)$ का हल मान होगा।

$a_1 : b_1$, $a_2 : b_2$ तथा $a_3 : b_3$ से प्राप्त मिश्र या संयोजित अनुपात$(a_1 * a_2 * a_3) : (b_1 * b_2 * b_3)$ का हल मान होगा।

2• घातांकी अनुपात में संयोजित अनुपात किसी अनुपात के दोनों पदों का समान घात मान n में दर्शित अनुपात घातांकी अनुपात में संयोजित अनुपात कहलाता है। **यथा** a:b का घातांकी अनुपात में संयोजित अनुपात–

(a*a*a----n बार तक): (b*b*b----n बार तक) $= a^n : b^n$ होगा।

इस प्रकार के संयोजन में n=2 के प्रति वर्गानुपात संयोजन तथा n=3 के प्रति घनानुपात संयोजन कहलाता है।

3• प्रतिलोम घातांकी अनुपात में संयोजित अनुपात किसी अनुपात के प्रतिलोम अनुपात का समान घात मान n में दर्शित अनुपात प्रतिलोम घातांकी अनुपात में संयोजित अनुपात कहलाता है। **यथा** a:b का प्रतिलोम अनुपात b:a का घातांकी अनुपात में संयोजित अनुपात– (b*b*b----n बार तक): (a*a*a----n बार तक)$=b^n : a^n$ होगा।

इस प्रकार के संयोजन में n=2 के प्रति प्रतिलोम वर्गानुपात संयोजन तथा n=3 के प्रति घनानुपात संयोजन कहलाता है।

4• मूलानुपात संयोजन किसी अनुपात के दोनां पदों का समान करणी मान n में दर्शित अनुपात मूलानुपात में संयोजित अनुपात कहलाता है। **यथा** a:b का मूलानुपात में संयोजित अनुपात– $\sqrt[n]{a} : \sqrt[n]{b}$ होंगा।

इस प्रकार के संयोजन में n=2 के प्रति $\sqrt[2]{a} : \sqrt[2]{b}$ को $\sqrt{a} : \sqrt{b}$ में दर्शित किया जाता है वर्गमूलानुपात तथा n=3 के प्रति $\sqrt[3]{a} : \sqrt[3]{b}$ घनमूलानुपात संयोजन कहलाता है।

चर राशि x , y एवं अचर राशियाँ a, b, c,d, m, n के प्रति

1■ समिका $\frac{ax+by}{cx+dy} = \frac{m}{n} \Rightarrow (ax+by):(cx+dy)=m:n$ हो तो –

$x:y = (d*m - b*n) : (a*n - c*m)$ का मानक अनुपात हल होगा।

2■ समिका $\frac{ax-by}{cx-dy} = \frac{m}{n} \Rightarrow (ax-by):(cx-dy)=m:n$ हो तो–

$x:y = -(d*m - b*n) : (a*n - c*m)$ का मानक अनुपात हल होगा।

3■ समिका $\frac{ax+by}{cx-dy} = \frac{m}{n} \Rightarrow (ax+by):(cx-dy)=m:n$ हो तो–

$x:y = -(d*m + bn) : (a*n - c*m)$ का मानक अनुपात हल होगा।

4■ समिका $\frac{ax-by}{cx+dy} = \frac{m}{n} \Rightarrow (ax-by):(cx+dy)=m:n$ हो तो–

$x:y = (d*m + b*n) : (a*n - c*m)$ का मानक अनुपात हल होगा।

5■ $x:y = m:n$ हो तो –

$(ax \pm by) : (cx \pm dy) = (a*m \pm b*n) : (c*m \pm d*n)$ का मानक अनुपात हल होगा।

6■ $x:y = m:n$ हो तो $(x+a) : (y+a) = p:q$ हो जाने के लिए – $a = n*p - m*q$ होगा।
7■ $x:y = m:n$ हो तो $(x-a) : (y-a) = p:q$ हो जाने के लिए – $a = -(n*p - m*q)$ होगा।
8■ $x:y = m:n$ तथा $(x+a) : (y+a) = p:q$ हो तो–
$x:y = m:n$ से $x = mk$ और $y = nk$ होगा। तथा
$(x+a) : (y+a) = p:q \Rightarrow (mk-a):(nk-a) = p:q$ से $k = \frac{a(p-q)}{m*q-n*p}$
9■ $x:y = m:n$ तथा $(x-a) : (y-a) = p:q$ हो तो–
$x:y = m:n$ से $x = mk$ और $y = nk$ होगा । तथा
$(x-a) : (y-a) = p:q \Rightarrow (mk-a):(nk-a) = p:q$ से $k = \frac{-a(p-q)}{m*q-n*p}$
10■ $A:B = m:n$ तथा $B:C = p:q$ हो तो $A:C = m*p : nq$ तथा
$A:B:C = m : n : \frac{n*q}{p} \Rightarrow m*p : n*p : nq$ का मानक हल होगा।

समिका द्वारा प्रश्नोत्तर

1■ $\frac{x+y}{x-y} = \frac{2}{3} \Rightarrow (x+y):(x-y) = 2:3$ हो तो $x:y$ का हल ज्ञात करने–
हल समिका 3 $\Rightarrow$ $x:y = -(d*m + b*n) : (a*n - c*m)$ में –
$a=1, b=1, c=1, d=1, m=2, n=3$ प्रस्थिापित करने पर
$x:y = -(1*2 + 1*3) : (1*3 - 1*2) = -5:1 = \bar{5}:1$ होगा।
2■ $\frac{5x-3y}{10x-7y} = \frac{2}{3} \Rightarrow (5x-3y):(10x-7y) = 2:3$ हो तो $x:y$ का हल ज्ञात करने–
हल समिका 2 $\Rightarrow$ $x:y = -(d*m - b*n) : (a*n - c*m)$ में –
$a=5, b=3, c=10, d=7, m=2, n=3$ प्रस्थिापित करने पर
$x:y = -(7*2 - 3*3) : (5*3 - 10*2) = -5:-5 = 1:1$ मानक अनुपात हल होगा।
3■ $(2x+3y):(3x+5y) = 18:29$ हो तो $x:y$ का हल ज्ञात करने–
हल समिका 3 $\Rightarrow$ $x:y = (d*m - b*n) : (a*n - c*m)$ में –
$a=2, b=3, c=3, d=5, m=18, n=29$ प्रस्थिापित करने पर
$x:y = (5*18 - 3*29) : (2*29 - 3*18) = 3:4$ होगा।
4■ $x:y = 2:3$ हो तो $(6x+5y) : (3x+17y)$ का मान ज्ञात करने–
हल समिका 5 $\Rightarrow$ $(ax \pm by) : (cx \pm dy) = (a*m \pm b*n) : (c*m \pm d*n)$ में –
$a=6, b=5, c=3, d=17, m=2, n=3$ प्रतिस्थापित करने पर–
$(6x+5y) : (3x+17y) = (6*2+5*3):(3*2+17*3) = 27:57 = 9:19$ का मानक अनुपात हल होगा।
5■ दो संख्याओं का अनुपात 11:16 है । इनमें एक समान संख्या क्या जोड़े कि प्राप्त योगफलों का अनुपात 3:4 हो जाए।
के हल लिए – दो संख्याएँ x और y का अनुपात $m:n$ तथा इनमें एक समान संख्या a जोडें जाने पर प्राप्त योगफलों का अनुपात $(x+a) : (y+a) = p:q$ हो जाने के प्रति प्रात हल समिका– $a = np - mq$ में $m=11, n=16, p=3, q=4$ प्रतिस्थापित करने पर – $a = 16*3 - 11*4 = 48-44 = 4$ होगा।
6■ दो संख्याओं का अनुपात 11:16 है । इनमें एक समान संख्या क्या घटायें कि प्राप्त अन्तर मानों का अनुपात 3:4 हो जाए।
के हल लिए – दो संख्याएँ x और y का अनुपात $m:n$ तथा इनमें एक समान संख्या a घटाये जाने पर प्राप्त अन्तरमानों का अनुपात$(x-a) : (y-a) = p:q$ हो जाने के प्रति प्रात हल समिका – $a = -(np - mq)$ में $m=11, n=16$, $p=3, q=4$ प्रतिस्थापित करने पर – $a = -(16*3 - 11:4) = -4$ होगा।

7■ यदि A:B = 2 :3 तथा B:C =4: 5 हो तो – हल समिका 10 के तहत् A:C = 2*4 : 3*5 = 8 :15 तथा

$$A : B : C = 2:3 : \frac{3*5}{4} = 8 \;:\; 12 \;:\; 15$$ होगा।

8■ वे दो संख्याओं को ज्ञात कीजिए ,जिनका मानक अनुपात 1 :2 है और इनमें एक समान संख्या 4 जोड़ने पर प्राप्त योगमान संख्याओं का मानक अनुपात 2:3 हो जाता है। के हल के लिए – माना कि संख्याएँ x और y है।

प्रश्नानुसार x : y = 1:2 से x= k और y=2k माने जाने पर– (x+4): (y+4)=(k+4) ; (2k+4) =2:3 से समिका 8 के तहत् $k = \frac{4(2-3)}{1*3-2*2} = 4$ से .संख्याएँ x =k =4 और y= 2k = 2*4 =8 होगा ।

9■ वे दो संख्याओं को ज्ञात कीजिए ,जिनका मानक अनुपात 3:4 है और इनमें एक समान संख्या 8 घटाने पर प्राप्त घटामान संख्याओं का मानक अनुपात 2:3 हो जाता है। के हल के लिए – माना कि संख्याएँ x और y है।

प्रश्नानुसार x : y = 3:4 से x= 3k और y=4k माने जाने पर–

$$(x-8):(y-8) = (3k-8);\ (4k-8) = 2 : 3$$ से

समिका 9 के तहत् $k = \frac{-8(2-3)}{3*3-4*2} = 8$ से .संख्याएँ x =3k =3*8 =24 और y= 4k = 4*8 =32 होगा।

----------01----------

अध्याय -2
अनुक्रमानुपाती एव व्युत्क्रमानुपाती विचरण

2-1 प्रस्तावना आइये कुछ अनुभव जनित वाणिज्य (व्यापारिक) क्रियाओं का अध्ययन करते हैं।

1■ समान दर कीमत मान पर वस्तुओ की संख्यामान घटते /बढ़ने के क्रम में कुल कीमत सरल अनुपात के तहत घटता/ बढ़ता जाता है।

जैसे समान दर कीमत मान पर 5 किलो आलू का कीमत 20 रूपये है। तो उसी कीमत मान पर 2 किलों/ 15 किलो आलू का कीमत 8रूपये/60 रूपये होगा।

इसी प्रकार–

2■ राशन की समान दर खपत मान पर भोजन करने वालों की संख्यामान घटते /बढ़ने के क्रम में कुल राशन के खपत मान सरल अनुपात के तहत घटता/ बढ़ता जाता है।

3■ सुनिश्चित काम को पूरा करनें के संदर्भ में समान शक्तिमान पर काम करने की संख्या घटाये/ बढ़ायें पर काम पूरा होने का अवधि मान सरल अनुपात के तहत बढ़ता/ घटता जाता है।

4■ प्रतिदिन काम करने की अवधि घटाये /बढ़ाये जाने पर काम पूरा होने की दिनों का संख्यामान सरल अनुपात के तहत बढ़ता/ घटता जाता है।

5■ सरल ब्याज गण्ना नियम में सुनिश्चित ब्याज दर मान पर कुल ब्याज राशि कम/अधिक होना मूलधन के सरल अनुपात के तहत घटते/बढ़ते मानों पर निर्भर करता है।।

6■ कुल ब्याज राशि के निश्चिता के प्रति मूलधन कम/अधिक होने पर समयमान को सरल अनुपात के तहत बढ़ाना/घटाना होगा।

2-2 विचरण उपरोक्तानुसार वाणिज्य (व्यापारिक) क्रियाओं का अध्ययन करने पर स्पष्ट होता हमारी दैनिक जीवन की वाणिज्य (व्यापारिक) क्रियाओं में सरल अनुपात संगता पाई जाती है। जिसे दों चर राशियों के व्यापारिक या वाणिज्य निर्भरता के रूप में अध्ययन किया जाता है। इस प्रकार के दों चर राशियों के व्यापारिक या वाणिज्य निर्भरता सम्बंध को उनके प्रति विचरण कहते है।

विचरण के प्रकार विचरण के दो प्रकार होते है। 1• अनुक्रमुपाती विचरण 2• व्युत्क्रमानुपाती या प्रतिलोमानुपाती विचरण

(1) अनुक्रमानुपाती विचरण जब दो चर राशियाँ x और y में परस्पर इस प्रकार सम्बंध हो कि इनमें से पहली चर राशि x के घटने/बढ़ने के गुणित दर मान पर दूसरी राशि y घटता/बढता हो तो ये परस्पर दो राशियाँ अनुक्रमानुपाती विचरण में होना कहलाता है। सांकेतिक रूप में – $x \propto y$ (x अनुक्रमानुपात y) या $x = k*y$ या $\frac{x}{y} = k$ (जहाँ k कोई अचर राशि है।)

उदाहरण 1■ चली दूरी, समय एवं चाल विषयक

A• निश्चित समयमान पर चली दूरी चाल के अनुक्रमानुपाती होगा।

B• निश्चित चाल पर चली दूरी समय के अनुक्रमानुपाती होगा।

2■ कुल कीमत, वस्तु की मात्रा एवं दर मान विषयक

A• निश्चित मात्रा के प्रति कुल कीमत दर मान के अनुक्रमानुपाती होगा।

B• निश्चित दर मान के प्रति कुल कीमत वस्तु की मात्रा के अनुक्रमानुपाती होगा।

3■ आवश्यक खाद्यान्न का कुल मात्रा, खाने वालों की प्रति इकाईमान पर भोजन की मात्रा एवं खाने वालों की कुल संख्या विषयक

A• खाने वालों की प्रति इकाईमान पर भोजन की मात्रा निश्चित होने पर आवश्यक खाद्यान्न का कुल मात्रा खाने वालों की कुल संख्या के अनुक्रमानुपाती होगा।

B• खाने वालों की कुल संख्या निश्चित होने पर आवश्यक खाद्यान्न का कुल मात्रा खाने वालों की प्रति इकाईमान पर भोजन की मात्रा के अनुक्रमानुपाती होगा।

4■ .मूलधन ब्याज और समय विषयक

A• निश्चित मूल धन पर ब्याज समय के अनुक्रमानुपाती होगा।

B• निश्चित समय पर ब्याज मूलधन के अनुक्रमानुपाती होगा।

इसी प्रकार अन्य कई व्यवहारिक ज्ञान एवं विज्ञान में अनुक्रमानुपाती विषयक अध्ययन विस्तार प्राप्त होते है।

अनुक्रमुपाती विचरण विषयक प्रश्नों का हल समीकरण प्राप्त करना एक प्रकार की सजातीय राशियों के प्रति एक युग्म संख्या मान x_1, x_2 के प्रति दूसरे प्रकार की सजातीय राशियों संगत अनुक्रमानुपाती युग्म संख्या मान y_1, y_2 हो तो हल समीकरण प्राप्त करने निम्नानुसार दर्शित करे।

एक प्रकार की सजातीय राशियों के प्रति एक युग्म संख्या मान	x_1	x_2
दूसरे प्रकार की सजातीय राशियों के प्रति एक युग्म संख्या मान	y_1	y_2

तब तिरछा (तिर्यक) गुणा संकेतन नियम से हल समीकरण $x_1 * y_2 = x_2 * y_1$ होगा।

प्रमाण– अनुक्रमानुपात नियम से $x_1 = k * y_1$ तथा $x_2 = k * y_2$ जहाँ k एक स्थिरांक है।

$\therefore \frac{x_1}{y_1} = \frac{x_2}{y_2} = k \Rightarrow x_1 * y_2 = x_2 * y_1$ प्रमाणित।

उदाहरण 1■ टंकन की गति विषयक

सुनीता एक घंटा में 1080 शब्दों को टंकित करती है। वह 21 मिनट में कितने शब्दों को टंकित करेगी।

हल 1घंटा = 60 मिनट

टंकन का समय मान	60 मिनट	21 मिनट
टंकित शब्दों की संख्या	1080 शब्द	माना कि x शब्द

अनुक्रमानुपाती विचरण नियमानुसार हल समिका –

60 *x = 1080*21 को हल करने पर

X= 378 शब्द अभीष्ट उत्तर होगा।

उदाहरण 2■ वस्तु के कीमत विषयक

97 किताबों को 2425 रूपये खरीदा गया है। 3025 रूपये में खरीदे गये किताबों की संख्या ज्ञात कीजिए।

हल

खरीदे गये किताबों की संख्या	97 नग	माना कि x किताब
खरीद कीमत	2425 रू.	3025 रू.

अनुक्रमानुपाती विचरण नियमानुसार हल समिका –

97 *3025 =2425 *x को हल करने पर

X= 121 किताब अभीष्ट उत्तर होगा।

उदाहरण 3■ वाहन किराया विषयक

60 किलोमीटर दूरी का रेल किराया 15 रूपये है। 372 किलोमीटर दूरी का रेल किराया ज्ञात कीजिए।

हल

चली दूरी	60 कि. मी.	372 कि. मी.
रेल किराया	15 रू.	माना कि x रू.

अनुक्रमानुपाती विचरण नियमानुसार हल समिका –

60 *x = 372 *15 को हल करने पर

X= 93 रू. अभीष्ट उत्तर होगा।

उदाहरण 4■ काम विषयक

एक दिन मे 3 एकड़ खेत के धान को 27 मजदूर काट लेते हैं। बताइये एक ही दिन में 11 एकड़ खेत के धान को कटवाने कितने मजदूरों की आवश्यकता होगी।

हल

खेत का माप	3 एकड़	11 एकड़
मजदूर संख्या	27 मजदूर	माना कि x एकड़

अनुक्रमानुपाती विचरण नियमानुसार हल समिका –

3 *x = 27 *11 को हल करने पर

x= 99 मजदूर अभीष्ट उत्तर होगा।

(2) व्युत्क्रमानुपाती विचरण जब दो चर राशियाँ x और y में परस्पर इस प्रकार सम्बंध हो कि इनमें से पहली चर राशि x के घटने/बढ़ने के प्रतिलोम गुणित दर मान पर दूसरी राशि y घटता/ बढता हो तो ये परस्पर दो राशियाँ व्युत्क्रमानुपाती विचरण में होना कहलाता है। सांकेतिक रूप में – $x \propto \frac{1}{y}$ (x व्युत्क्रमानुपात y) या $x = k*\frac{1}{y}$ या $x*y = k$ (जहाँ k कोई अचर राशि है।)

उदाहरण 1■ चली दूरी, समय एवं चाल विषयक

निश्चित दूरी के प्रति चाल और समय एक दूसरे के व्यूत्क्रमानुपाती होंगे।

उदाहरण 2■ कुल कीमत, वस्तु की मात्रा एवं दर मान विषयक

निश्चित कुल कीमत के प्रति वस्मु की मात्रा और दर मान एक दूसरे के व्यत्क्रमानुपाती होंगे।

उदाहरण 3■ खाद्यान्न का कुल मात्रा खाने वालों की प्रति इकाई मान पर भोजन की मात्रा, खाने वालों की कुल संख्या एवं भोजन आपूर्ति के दिनों की संख्या विषयक

A• खाद्यान्न के निश्चित मात्रा के प्रति खाने वालों की प्रति इकाईमान पर भोजन की मात्रा एवं खाने वालों की प्रति इकाईमान पर भोजन की मात्रा एक दूसरे के व्युत्क्रमानुपाती होंगे।

B• खाद्यान्न के निश्चित मात्रा के प्रति खाने वालों की प्रति इकाईमान पर भोजन की मात्रा एवं भोजन आपूर्ति के दिनों की संख्या एक दूसरे के व्युत्क्रमानुपाती होंगा।

C• खाद्यान्न के निश्चित मात्रा एवं खाने वालों की प्रति इकाईमान पर भोजन की मात्रा एवं भोजन के प्रति भोजन आपूर्ति के दिनों की संख्या और खाने वालों की कुल संख्या एक दूसरे के व्युत्क्रमानुपाती होंगे।

उदाहरण 4■ मूल धन ब्याज और समय विषयक निश्चित ब्याज के प्रति मूलधन और समय एक दूसरे के व्युत्क्रमानुपाती होंगे।

उदाहरण 5■ काम का स्वरूप मान, काम पूरा करने आवश्यक व्यक्ति की संख्या एवं काम पूरा होने के दिनों की संख्या विषयक

काम का निश्चित स्वरूप मान के प्रति काम पूरा करने आवश्यक व्यक्ति की संख्या और काम पूरा होने के दिनों की संख्या एक दूसरे के व्युत्क्रमानुपाती होंगे।

इसी प्रकार अन्य कई व्यवहारिक ज्ञान एवं विज्ञान में व्यत्क्रमानुपाती विषयक अध्ययन विस्तार प्राप्त होते है।

व्युत्क्रमाुपाती विचरण विषयक प्रश्नों का हल समीकरण प्राप्त करना एक प्रकार की सजातीय राशियों के प्रति एक युग्म संख्या मान x_1, x_2 के प्रति दूसरे प्रकार की सजातीय राशियों संगत अनुक्रमानुपाती युग्म संख्या मान y_1, y_2 हो तो हल समीकरण प्राप्त करने निम्नानुसार दर्शित करे।

एक प्रकार की सजातीय राशियों के प्रति एक युग्म संख्या मान	x_1	x_2
दूसरे प्रकार की सजातीय राशियों के प्रति एक युग्म संख्या मान	y_1	y_2

तब खड़ा गुणा संकेतन नियम से हल समीकरण $x_1 * y_1 = x_2 * y_2$ होगा।

प्रमाण व्युत्क्रमानुपात नियम से $x_1 = k * \frac{1}{y_1}$ तथा $x_2 = k * \frac{1}{y_2}$ जहाँ k एक स्थिरांक है।

$\therefore x_1 * y_1 = x_2 * y_2 = k \Rightarrow x_1 * y_1 = x_2 * y_2$ प्रमाणित।

उदाहरण 1■ समय और चाल विषयक

शीला सायकिल सें 12 कि,मी,/घण्टा की चाल से अपनी पाठशाला 20 मिनट में पहुचती है। 15 मिनट में पहुँचने के लिए कितने कि.मी.प्रति घण्टा की चाल अपनाना होगा।

हल 1घंटा = 60 मिनट

चाल प्रति घण्टा	12 कि. मी	माना कि x कि. मी
पृहुचने में लगा समय	20 मिनट	15 मिनट

व्युत्क्रमानुपाती विचरण नियमानुसार हल समिका –

$12*20 = x*15$ को हल करने पर

$x = 16$ कि. मी/घण्टा अभीष्ट उत्तर होगा।

उदाहरण 2■ कीमत दर और वस्तु की संख्या विषयक

एक सायकिल दुकनदार 3528 रूपये / सायकिल दर से 50 सायकिल खरीदने सायकिल कम्पनी के शो रूम गया है। लेकिन कम्पनी द्वारा सायकिल के कीमत दर में वृद्धि किये जाने के कारण 49 सायकिल ही खरीद लाता है। बताइये सायकिल के शो रूम में प्रति सायकिल मूल्य वृद्धि कितने रूपये कर लिया है।

हल माना कि प्रति सायकिल मूल्य वृद्धि x रूपये है।

प्रति सायकिल मूल्य	3528 रू.	(3528+x) रू.
खरीदे गये सायकिलों की संख्या।	50 नग	49 नग

व्युत्क्रमानुपाती विचरण नियमानुसार हल समिका –

3528*50 =(3528+x) *49 को हल करने पर – x= 72 रूपये. अभीष्ट उत्तर होगा।

उदाहरण 3■ प्रतिदिन काम करने का समय और काम पूरा होने में लगे दिनो की संख्या विषयक

एक महिला प्रतिदिन 4 घण्टे बुनाई करके 10 दिन में एक स्वेटर बना लेती है। 8 दिन मे वेसा ही स्वेटर बनाने प्रतिदिन कितने घण्टे बुनाई करना होगा ?

हल

प्रतिदिन बुनाई करने का समय	4 घण्टे	माना कि x घण्टे
एक स्वेटर बनने में लगे दिनों की संख्या	10 दिन	8 दिन

व्युत्क्रमानुपाती विचरण नियमानुसार हल समिका –

4*10 =8 *x को हल करने पर –

x= 5 घण्टे अभीष्ट उत्तर होगा।

उदाहरण 4■ मजदूरों की संख्या और काम पूरा होने में लगा समय विषयक

सड़क परिवहन विभाग एक निश्चित दूरी माप का सड़क निर्माण का कार्य 9 माह में पूरा करने 560 मजदूर की आवश्यकता है। उसी सड़क निर्माण कार्य को 7 माह में पूरा करने कितने और मजदूर बढ़ाने होंगे ?

हल माना कि x मजदूर बड़ाने होंगे।

कार्य पूरा होने का समय	9 माह	7 माह
लगे मजदूरों की संख्या	560	(560+x)

व्युत्क्रमानुपाती विचरण नियमानुसार हल समिका –

9*560 =(560+x) *7

$\Rightarrow$ 560 + x = 720 को हल करने पर –

x= 160 मजदूर अभीष्ट उत्तर होगा।

उदाहरण 5■ खाने वालों की संख्या और राशन स्टाक आपूर्ति दिनों की संख्या

एक परिवार में 5 सदस्य हैं। गृहणी ने माह के 30 दिनों के लिए राशन खरीद लिया है। एक मेहमान के आ जाने पर राशन कितने दिनां में समाप्त हो जायेगा ?

हल

खाने वालों की संख्या	5 सदस्य	(5+1)=6 सदस्य
राशन स्टाक आपूर्ति दिनों की संख्या	30 दिन	माना कि x दिन

व्युत्क्रमानुपाती विचरण नियमानुसार हल समिका –

5*30 =6 *x को हल करने पर –

x= 25 दिन अभीष्ट उत्तर होगा।

उदाहरण 6■ वितरण की दर एवं प्राप्त कर्ता (उपभोक्ता) की संख्या

एक कन्या माध्यमिक विद्यालय में 400 छात्राएँ अध्ययनरत है । प्राचार्य महोदिया ने स्वतंत्रता दिवस के स्वर्ण जयंती समारोह पर प्रति छात्रा 4 नग रसगुल्ला बाँटने की व्यवस्था दी थी। वर्षा होने के कारण 80 छात्राएँ समारोह में सम्मिलित नहीं हो सकी। सम्मिलित छात्राओं में ही पूरे सगुल्ले वितरित किया गया। सम्मिलित छात्राओं में प्रति छात्रा कितने नग रसगुल्ला वितरित किया गया।

हल

छात्राओं की संख्या	400	(400-80)=320
प्रति छात्रा वितरित रसगुल्ला का नग	4 नग	माना कि x नग

व्युत्क्रमानुपाती विचरण नियमानुसार हल समिका –

400*4 =32 *x को हल करने पर –

$x = 5$ नग रसगुल्ला अभीष्ट उत्तर होगा।

2-3 बहु विचरण गुणा समिका का प्रतिपादन

विचरण के प्रकारो की संख्या $r \geq 3$ के प्रति बहु विचरण की राशियाँ a,b,c ----- के दो प्रतिबंध $(a_1, b_1, c_1 - --)$ और $(a_2, b_2, c_2 - --)$ के प्रति किन्हीं एक विचरण की राशि के प्रति शेष (r-1) विचरण राशि में से प्रत्येक के लिए विचरण नियम (अनुक्रमानुपाती/व्युत्क्रमानुपाती) प्रस्थिापित करने शेष (r-2) विचरण राशि को स्थिर भाव में लिया जाकर संगत विचरणों का बहु विचरण गुणा हल समिका का प्रतिपादन किया जा सकता है। जिसकी प्रस्तुति 1• पूर्ण स्तम्भिक बहु विचरण गुणा समिका , 2• कोणीय बहु विचरण गुणा समिका में दर्शित होता है।

a_1 ■	■ a_2
b_1 ■	■ b_2
c_1 ■	■ c_2
... ■	■ ...
...■	■ ....
..q_1 ■	■ q_2
r_1 ■	■ r_2

(1) पूर्ण स्तम्भिक बहु विचरण गुणा समिका

r प्रकार की बहु विचरण की राशियाँ a,b,c--- q,r में से एक प्रकार की विचरण की राशि a के प्रति दूसरे , तीसरे ,चौथे.........r वें। (r-1) प्रकार की विचरणों की राशियाँ $b, c, d - - - q, r$ सभी व्युत्क्रमानुपाती विचरण नियम के परिपालन में हों तो– विचरण के दो प्रतिबंध $(a_1, b_1, c_1 - - - q_1, r_1)$ और $(a_2, b_2, c_2 - - - q_2, r_2)$ के प्रति

$a_1 * b_1 * c_1 * - * - * q_1 * r_1 = a_2 * b_2 * c_2 * - * - * q_2 * r_2$ पूर्ण स्तम्भिक गुणा हल समिका का प्रतिपादन होता है।

उदाहरण■ ज्ञात कीजिए कि 600 ग्राम/सिपाही/दिन के खुराक के हिसाब से 400 सिपाहियों के लिए 50 दिनों का रखा खाद्यान्न का भण्डारण (स्टाक) 500 ग्राम/सिपाही/दिन खुराक के खुराक के हिसाब से 500 सिपाहियों के लिए कितने दिनों का भण्डारण होगा।

हल

प्रति सिपाही प्रतिदिन का खुराक मात्रा u	u_1 =600 ग्राम	u_2 =500 ग्राम
सिपाहियों की संख्या p	p_1 =400 सिपाही	p_2 =500 सिपाही
भण्डारण अवधि d	d_1 =50 दिन	d_2 =माना कि x दिन

व्याख्या d को स्थिर भाव में लेने पर– u और p व्युत्क्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे। तथा p को स्थिर भाव में लेने पर– u और d व्युत्क्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे।

अथवा d को स्थिर भाव में लेने पर – p और u व्युत्क्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे। तथा u को स्थिर भाव में लेने पर – p और d व्युत्क्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे।

अथवा u को स्थिर भाव में लेने पर – p और d व्युत्क्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे। p को स्थिर भाव में लेने पर – u और d व्युत्क्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे।

उक्त तीनो स्थितियों पर एक मात्र प्राप्त पूर्ण स्तम्भिक गुणा समिका – $u_1 * p_1 * d_1 = u_2 * p_2 * d_2$ में प्राप्त मान प्रतिस्थापित करने पर – 600*400*50 = 500*500*x को हल करने पर x =48 दिन अभीष्ट उत्तर होगा।

(2)कोणीय गुणा समिका• 1■ केवल अनुक्रमानुपाती विचरण अनुपालन में r प्रकार की बहु विचरण की राशियाँ a,b,c--- q,r में से एक प्रकार की विचरण की राशि a के प्रति दूसरे , तीसरे , चौथे.........r वें। (r-1) प्रकार की विचरणों की राशियाँ $b, c, d - - - q, r$ सभी अनुक्रमानुपाती विचरण नियम के परिपालन में हों तो – विचरण के दो प्रतिबंध $(a_1, b_1, c_1 - - - q_1, r_1)$ और $(a_2, b_2, c_2 - - - q_2, r_2)$ के प्रति $a_1 * b_1 * c_1 * - * - * q_1 * r_1 = a_2 * b_2 * c_2 * - * - * q_2 * r_2$ पूर्ण स्तम्भिक गुणा हल समिका का प्रतिपादन होता है।

वैकल्पिक हल तालिका



पंक्ति a के संगत – $a_1 * b_2 * c_2 * - * - * q_2 * r_2 = a_2 * b_1 * c_1 * - * - * q_1 * r_1$

पंक्ति b के संगत – $a_2 * b_1 * c_2 * - * - * q_2 * r_2 = a_1 * b_2 * c_1 * - * - * q_1 * r_1$

पंक्ति c के संगत – $a_2 * b_2 * c_1 * - * - * q_2 * r_2 = a_1 * b_1 * c_2 * - * - * q_1 * r_1$

....

....

पंक्ति q के संगत – $a_2 * b_2 * c_2 * - * - * q_1 * r_2 = a_1 * b_1 * c_1 * - * - * q_2 * r_1$

पंक्ति r के संगत – $a_2 * b_2 * c_2 * - * - * q_2 * r_1 = a_1 * b_1 * c_1 * - * - * q_1 * r_2$ में से कोई एक अवश्य ही हल विकल्प होंगे।

2■ अनुक्रमानुपाती एवं व्युत्क्रमानुपाती विचरण के संयुक्त अनुपालन में r प्रकार की बहु विचरण की राशियाँ a,b,c---q,r में से एक प्रकार की विचरण की राशि a के प्रति दूसरे , तीसरे , चौथे........r वें। (r-1) प्रकार की विचरणों की राशियाँ $b, c, d - - - q, r$ में से कोई 1पंक्ति की चर राशि अनुक्रमानुपाती तथा शेष पंक्तियों की चर राशि व्युत्क्रमानुपाती हो तो– विचरण के दो प्रतिबंध $(a_1, b_1, c_1 - - - m_1, q_1, r_1)$ और $(a_2, b_2, c_2 - - - m_2 q_2, r_2)$ के प्रति $a_1 * b_2 * c_2 * - * - * m_2 * q_2 * r_2 = a_2 * b_1 * c_1 * - * - * m_{1*} q_1 * r_1$ कोणीय गुणा हल समिका का प्रतिपादन होता है।

वैकल्पिक हल तालिका



पंक्ति a और b अनुक्रमानुपाती तथा शेष पंक्तियाँ व्युत्क्रमानुपाती –

$\mathbf{a_1} * \mathbf{b_2} * c_1 * - * - -* - m_1 * q_1 * r_1 = \mathbf{a_2} * \mathbf{b_1} * c_2 * - * - * m_2 * q_2 * r_1$

पंक्ति a और c अनुक्रमानुपाती तथा शेष पंक्तियाँ व्युत्क्रमानुपाती –

$b_1 * \mathbf{a_1} * \mathbf{c_2} * - * - * m_1 * q_1 * r_1 =* b_2 * \mathbf{c_1} * \mathbf{a_2} * - * - * m_2 * q_2 * r_2$

पंक्ति a और m अनुक्रमानुपाती तथा शेष पंक्तियाँ व्युत्क्रमानुपाती –

$$- * - c_1 * b_1 * \mathbf{a_1} * \mathbf{m_2} * q_1 * r_1 = - * - * c_2 * b_2 * \mathbf{m_1} * \mathbf{a_2} * q_2 * r_2$$

पंक्ति a और q अनुक्रमानुपाती तथा शेष पंक्तियाँ व्युत्क्रमानुपाती –

$$m_1 -* - * \; c_1 * b_1 * \mathbf{a_1} * \mathbf{q_2} * r_1 = m_2 -* - * c_2 * b_2 * \mathbf{q_1} * \mathbf{a_2} * r_2$$

पंक्ति a और r अनुक्रमानुपाती तथा शेष पंक्तियाँ व्युत्क्रमानुपाती –

$$q_1 * m_1 * - * - * c_1 * b_1 * \mathbf{a_1} * \mathbf{r_2} = q_2 * m_2 * - * - * c_2 * b_2 * \mathbf{r_1} * \mathbf{a_2}$$

इसी प्रकार पंक्ति b , c - - -m,q, r को अलग–अलग प्रथमोत्तर लेकर प्रस्तुतियाँ विस्तारित होने के सम्भावित विकल्प है।

पंक्तियों की संखा r के प्रति यथा 1 और 2 के तहत कुल मिलाकर हलों के विकल्प की कुल संख्या $= \frac{1}{2} r(r-1)$ होगा।

उदाहरण 1■ 40 मीटर लम्बे और 30 मीटर चौड़े धरातल पर फर्श लगाने का खर्च 1500 रूपये है। तो इसी दर पर 70 मीटर लम्बे और 50 मीटर चौड़े धरातल पर फर्श लगाने खर्च ज्ञात कीजिए।

हल

धरातल की लम्बाई L	L_1=40 मीटर	L_2 = 70 मीटर
ध्रातल की चौड़ाई Y	Y_1 = 30 मीटर	Y_2 = 50 मीटर
फर्श लगााने का खर्च R	R_1 =1500 रूपये	माना कि R_2 =x रूपये

व्याख्या 1■ केवल अनुक्रमानुपाती विचरण अनुपालन में R के प्रति L को स्थिर भाव में लेने पर – R और Y अनुक्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे। तथा

R के प्रति Y को स्थिर भाव में लेने पर – Rऔर L अनुक्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे।

अतः $R_1 * Y_2 * L_2 = R_2 * Y_1 * L_1 \Rightarrow$ 1500*50*70 = X*30*40 से x=4375 रूपये अभीष्ट उत्तर होगा।

2■ अनुक्रमानुपाती एवं व्युत्क्रमानुपाती विचरण के संयुक्त अनुपालन में L के प्रति R को स्थिर भाव में लेने पर L और Y व्युत्क्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे। तथा

L के प्रति Y को स्थिर भाव में लेने पर – L और R अनुक्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे।

अतः $L_1 * Y_1 * R_2 = L_2 * Y_2 * R_1 \Rightarrow$ 40*30*x = 70*50*1500 से x=4375 रूपये अभीष्ट उत्तर होगा।

अथवा Y के प्रति R को स्थिर भाव में लेने पर – Y और L व्युत्क्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे। तथा

Y के प्रति L को स्थिर भाव में लेने पर – Yऔर R अनुक्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे।

अतः $y_1 * L_1 * R_2 = Y_2 * L_2 * R_1 \Rightarrow$ 30*40*x = 50*70*1500 से x=4375 रूपये अभीष्ट उत्तर होगा।

उदाहरण 2■ 4 हेक्टेयर के रकबा में उपजित घान की फसल की कटाई 8 मजदूर 5 घण्टे प्रतिदिन काम करके 12 दिन में कर लेते है। ज्ञात कीजिए 8 आदमी 5 घण्टा प्रतिदिन काम करके 12 दिन में कितने हेक्टेयर के रकबा में उपजित घान की फसल की कटाई पूरा करेंगे ?

हल व्याख्या 1■ केवल अनुक्रमानुपाती विचरण अनुपालन में

A के प्रति H और D को स्थिर भाव में लेने पर – A और M अनुक्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे।

A के प्रति M और D को स्थिर भाव में लेने पर – A और H अनुक्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे।

A के प्रति M और H को स्थिर भाव में लेने पर – A और D अनुक्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे।

अतः $A_1 * M_2 * H_2 * D_2 = A_2 * M_1 * H_1 * D_1 \Rightarrow$ 4* 6*8*15 = x*8*5*12

से x= 6 हेक्टेयर अभीष्ट उत्तर होगा।

कार्य का नाम– उपजित धान की फसल की कटाई

रकबा A	$A_1 = 4$ हेक्टेयर	माना कि $A_2 = x$ हेक्टेयर
मजदूर M	$M_1 = 8$ मजदूर	$M_2 = 6$ मजदूर
प्रतिदिन किये गये काम की अवधि H	$H_1 = 5$ घण्टे	$H_2 = 8$ घण्टे
कटाई में लगे दिनों की संख्या D	$D_1 = 12$ दिन	$D_2 = 15$ दिन

2■ अनुक्रमानुपाती एवं व्युत्क्रमानुपाती विचरण के संयुक्त अनुपालन में

M के प्रति H और D को स्थिर भाव में लेने पर – M और A अनुक्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे।
M के प्रति A और D को स्थिर भाव में लेने पर – M और H व्युत्क्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे।
M के प्रति A और H को स्थिर भाव में लेने पर – Mऔर D व्युत्क्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे।

अतः $M_1 * A_2 * H_1 * D_1 = M_2 * A_1 * H_2 * D_2 \Rightarrow$ 8* x*5*12= 6*4*8*15

से x= 6 हेक्टेयर अभीष्ट उत्तर होगा।

अथवा H के प्रति D और A को स्थिर भाव में लेने पर – H और M व्युत्क्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे।
H के प्रति D और M को स्थिर भाव में लेने पर – H और A अनुक्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे।
H के प्रति A और M को स्थिर भाव में लेने पर – Hऔर D व्युत्क्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे।

अतः $H_1 * M_1 * A_2 * D_1 = H_2 * M_2 * A_1 * D_2 \Rightarrow$ 5* 8*x*12= 8*15*4*15

से x= 6 हेक्टेयर अभीष्ट उत्तर होगा।

अथवा D के प्रति A और M को स्थिर भाव में लेने पर – D और H व्युत्क्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे।
D के प्रति A और H को स्थिर भाव में लेने पर – D और M व्युत्क्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे।
D के प्रति M और H को स्थिर भाव में लेने पर – Dऔर A अनुक्रमानुपाती विचरण के परिपालन मे होंगे।

अतः $D_1 * H_1 * M_1 * A_2 = D_2 * H_2 * M_2 * A_1 \Rightarrow$ 12* 5*8*x= 15*18*6*4

से x= 6 हेक्टेयर अभीष्ट उत्तर होगा।

अनुक्रमानुपाती एवं व्युत्क्रमानुपाती विचरण का अनुप्रयोग विस्तार

वाणिज्य गणित (व्यावसायिक गणित) जिसे सरल शब्दों में व्यापार गणित कहा जाता है। जिसके अन्तर्गत अनुपात ,समानुपात, प्रतिशतता , काम (कार्य), लाभ–हानि ,ब्याज, करारापेण, एवं औसत विषयक सरल एवं विस्तारित अध्ययन किया जाता है। सामान्य अनुपात ,समानुपात, प्रतिशतता , काम (कार्य), लाभ–हानि ,ब्याज, करारापेण विषयक गणितीय हल का आघार प्राचीन भारतीय गणितज्ञों का ब्रमहगुप्त एवं भास्कराचार्य के द्वारा सुझाया गया ऐकिक नियम एवं त्रैराशिक नियम ही अनुप्रयोगिक है। जिसके मूल में, अनुक्रमानुपाती के संदर्भ में तिरछा (तिर्यक) गुणा नियम तथा युत्क्रमानुपाती विचरण के संदर्भ मे खड़ी (स्तम्भिक) समिका के नियम ही है। त्रैराशिक नियम के उच्च विस्तार के प्रति अनुक्रमानुपाती एवं व्युत्क्रमानुपाती विचरण नियम का सँयुक्त अनुप्रयोग हल समिका कोणीय गुणा समिका के रूप में प्रतिपादित होता है ।

2-4 दो निश्चित स्थानों के बीच की निश्चित दूरी ज्ञात करने विषयक महत्वपूर्ण प्रमेय

यदि एक निश्चित स्थान (अपने घर) A से दूसरे निश्चित स्थान B पर पहुँचने के निर्धारित समय (जैसे–किसी आफिस के खुलने का समय, किसी वाहन /यान का स्टेशन से छूटने का समय) में पहुँचना। हो तो एक महत्वपूर्ण प्रमेय का प्रतिपादन निम्नानुसार होता है। ,

प्रमेय यदि स्थान A से प्रस्थान करने के सुनिश्चित समय से x कि.मी./घण्टे की चाल से जाने पर स्थान B पर पहुँचने के निश्चित समय के प्रति a घण्टा पहले तथा y कि.मी./घण्टे की चाल से जाने पर निश्चित समय के प्रति b घण्टा बाद पहुँचना होता हो तो

1• स्थान A और B के बीच दूरी $S = \frac{x*y*(a+b)}{x-y}$ कि.मी. होगा।

2• स्थान A से B तक पहुँचने तक की निश्चित अवधि $H = \frac{a*x+b*y}{x-y}$ घण्टा होगा।

3• स्थान A से B तक पहुँचने का की निश्चित चाल $V = \frac{x*y*(a+b)}{a*x+b*y}$ कि.मी./ घण्टा होगा।

प्रमाण 1• $\because$ x कि.मी./घण्टे की चाल जाने पर निश्चित समय के प्रति a घण्टा पहले पहुँचना होता है ।

$\therefore$ निर्धारित समयावधि $H = \frac{s}{x} + a$ घण्टा ------------(1)

पुनः $\because$ y कि.मी./घण्टे की चाल जाने पर निश्चित समय के प्रति b घण्टा बाद पहुँचना होता है ।

$\therefore$ निर्धारित समयावधि $H = \frac{s}{y} - b$ घण्टा ------------(2)

समिका(1) और (2) से $\frac{s}{x} + a = \frac{s}{y} - b \Rightarrow \frac{s}{y} - \frac{s}{x} = a + b \Rightarrow s(\frac{x-y}{x*y}) = a + b$ से

$$\mathbf{s = \frac{x*y(a+b)}{x-y}}$$ **प्रमाणित।**

प्रमाण 2• स्थान A से B तक पहुँचने तक की निश्चित अवधि $H = \frac{s}{x} + a$ में $\mathbf{s = \frac{x*y(a+b)}{x-y}}$ प्रतिस्थापित करने पर

$$H = \frac{\frac{x*y(a+b)}{x-y}}{x} + a = \frac{y(a+b)}{x-y} + a = \frac{ay+by+ax-ay}{x-y} = \frac{a*x+b*y}{x-y}$$ **प्रमाणित।**

अथवा स्थान A से B तक पहुँचने तक की निश्चित अवधि $H = \frac{s}{y} - b$ में $\mathbf{s = \frac{x*y(a+b)}{x-y}}$ प्रतिस्थापित करने पर

$$H = \frac{\frac{x*y(a+b)}{x-y}}{y} - b = \frac{x*(a+b)}{x-y} - b = \frac{ax+bx-bx+by}{x-y} = \frac{a*x+b*y}{x-y}$$ **प्रमाणित।**

प्रमाण 3• स्थान A से B तक पहुँचने की निश्चित चाल $V = \frac{S}{H} = \frac{\frac{x*y(a+b)}{x-y}}{\frac{a*x+b*y}{x-y}} = \frac{x*y*(a+b)}{a*x+b*y}$ कि.मी./ घण्टा **प्रमााणित।**

उदाहरण■ देवशंकर अपने घर से प्रतिदिन सुनिश्चित समय पर विद्यालय की ओर प्रस्थान करता है। जिसके लिए वह 5 कि.मी./घण्टा की चाल अपनाता है, तो उसे विद्यालय खुलनें के निर्धारित समय के 12 मिनट पहले विद्यालय पहुँचना होता है। और जब वह 4 कि.मी./घण्टा की चाल अपनाता है, तो उसे विद्यालय खुलनें के निर्धारित समय के 15 मिनट बाद विद्यालय पहुँचना होता है। ज्ञात कीजिए–

1• देवशंकर के घर से उसके विद्वालय की दूरी।

2• घर से विद्यालय तक पहुँचने तक की निश्चित अवधि।

3• सुनिश्चित समय पर घर से विद्यालय तक पहुँचने में अपनायी गई निश्चित चाल।

हल प्रश्नानुसार– समय के पहले पहुँचने की चाल $x = 5$ कि.मी./घण्टा। समय के बाद पहुँचने की चाल $y = 4$ कि.मी./घण्टा

पहले पहुँचने का समय $a = 12$ मिनट $= \frac{12}{60} = \frac{1}{5}$ घण्टा बाद पहुँचने का समय $b = 15$ मिनट $= \frac{15}{60} = \frac{1}{4}$ घण्टा

$\therefore$ 1• देवशंकर के घर से उसके विद्वालय की दूरी $S = \frac{x*y(a+b)}{x-y} = \frac{5*4(\frac{1}{5}+\frac{1}{4})}{5-4} = 9$ कि.मी. अभीष्ट उत्तर होगा।

2• घर से विद्यालय तक पहुँचने तक की निश्चित अवधि $H = \frac{a*x+b*y}{x-y} = \frac{\frac{1}{5}*5+\frac{1}{4}*4}{5-4} = 2$ घण्टे अभीष्ट उत्तर होगा।

3• सुनिश्चित समय पर घर से विद्यालय तक पहुँचने में अपनायी गई निश्चित चाल $v = \frac{S}{H} = \frac{9}{2} = 4.5$ कि.मी./घण्टा अभीष्ट उत्तर होगा।

2-5 किसी सुनिश्चित काम को पूरा करने के प्रति व्यक्ति या व्यक्तिसमूह A का शक्तिमान किसी सुनिश्चित काम को व्यक्ति या व्यक्तिसमूह A T इकाई समयमान पर पूरा करता है तो उस व्यक्ति या व्यक्तिसमूह A का उस काम के प्रति शक्तिमान $= \frac{1}{T}$ काम/इकाई समयमान होगा।

जैसे किसी सुनिश्चित काम को व्यक्ति या व्यक्तिसमूह A 15 दिनों में पूरा कर सकता है तो उस व्यक्ति या व्यक्तिसमूह A का उस काम के प्रति शक्तिमान $= \frac{1}{15}$ काम/दिन होगा।

2-6 अलग–अलग शक्तिमान वाले दो या दो से अधिक व्यक्ति या व्यक्ति समूह द्वारा काम पूरा करने का समय मान

अलग–अलग शक्तिमान वाले दो या दो से अधिक व्यक्ति या व्यक्तिसमूह द्वारा काम पूरा करने का समय मान = सभी व्यक्ति या समूह का सँयुक्त शक्तिमान का गुणन प्रतिलोम होगा।

उदाहरण■ अलग–अलग व्यक्ति या व्यक्तिसमूह A,B और C किसी काम को अपने–अपने स्तर पर क्रमशः 10,12 और 15 दिनों में पूरा कर सकते है। बताइये उसी काम को तीनों मिलकर कितने दिनों मं पूरा करेंगे।

हल व्यक्ति या व्यक्तिसमूह A काम को 10 दिनों पूरा कर सकता है।∴व्यक्ति या व्यक्तिसमूह A का शक्तिमान $= \frac{1}{10}$ काम/दिन

व्यक्ति या व्यक्तिसमूह B काम को 12 दिनों पूरा कर सकता है।∴व्यक्ति या व्यक्तिसमूह B का शक्तिमान $= \frac{1}{12}$ काम/दिन

व्यक्ति या व्यक्तिसमूह C काम को 15 दिनों पूरा कर सकता है।∴व्यक्ति या व्यक्तिसमूह C का शक्तिमान $= \frac{1}{15}$ काम/दिन

अतः सभी तीनों यक्ति या व्यक्तिसमूह A,B और C का सँयुक्त शक्तिमान $= (\frac{15}{60} = \frac{1}{4})$काम/दिन

∴ तीनों यक्ति या व्यक्तिसमूह A,B और C मिलकर (सँयुक्त होकर) उसी काम को अपने सँयुक्त शक्तिमान $= (\frac{15}{60} = \frac{1}{4})$काम/दिन के गुणन प्रतिलोम $= 4$ दिनों में पूरा करेंगे।

----------02----------

अध्याय -3
समानुपात

3-1 समानुपात दो अलग–अलग दर्शित अनुपातों का मानक अनुपात मान समान हो तो ये दोनों दर्शित अनुपात को समानुपात कहते हैं। **विस्तार मं** यदि दो सजातीय राशियाँ का दर्शित अनुपात अन्य दो सजातीय राशियाँ के दर्शित अनुपात का मानक अनुपात मान समान हो तो ये दोनों अलग–अलग दर्शित अनुपात के सम्बंध को समानुपात कहते है।

बीजीय संकेतन मे यदि a:b का मानक अनुपात मान = c:d का मानक अनुपात मान हो तो a:b तथा c:d के सम्बंध को समानुपात कहते है।

समानुपात सम्बंध संकेतन a:b समानुपात c:d का अध्ययन संकेत a:b :: c:d है।

a:b :: c:d का पद वर्गीकरण a:b :: c:d में a ,b, c तथा d को क्रमशः समानुपात सम्बंध के प्रथम पद ,द्वितीय पद, तृतीय पद,तथा चतुर्थ पद,कहते है। सरल गणितीय अध्ययन में प्रथम एवं चतुर्थ पद, को अन्त्य या चरम पद युग्म और द्वितीय एवं तृतीय पद को मध्य पद युग्म कहते है।

3-2 समानुपात विषयक महत्वपूर्ण अभिगृहीत समिका

अभिगृहीत 1■ किसी समानुपात के अन्त्य या चरम पदो का गुणनफल मध्य पदों के गुणनफल के बराबर होता है।

अर्थात् a:b :: c:d के प्रति अभिगृहीत समिका 1- $a \div b = c \div d \Rightarrow b \div a = d \div c$ होगा।

जिसे परिमेय निरूपण में $\frac{\mathbf{a}}{\mathbf{b}} = \frac{c}{d} \Rightarrow \frac{b}{a} = \frac{d}{c}$ किये जाने का नियम है।

अभिगृहीत 2■ किसी समानुपात के अन्त्य या चरम पदो का गुणनफल मध्य पदों के गुणनफल के बराबर होता है।

अर्थात् a:b :: c:d के प्रति अभिगृहीत समिका 2- a*d= b*c होगी।

अभिगृहीत 3■ a:b :: b:c को a:b:c दर्शित किया जाता है। तब a:b:c के प्रति b को a और c का मध्यानुपाती पद कहते है। तथा c को तृतीयानुपाती पद कहते है। तब a:b:c के प्रति अभिगृहीत समिका 3- $b^2 = a * c$ होगी। से मध्यानुपाती पद $b = \sqrt{a * c}$ होगा। तथा तृतीयानुपाती पद $c = b^2 \div a = \frac{b^2}{a}$ होगा।

अभ्यास माला –

(1) **तृतीयानुपाती ज्ञात करना** नियम a और b का तृतीयानुपाती c $= b^2 \div a = \frac{b^2}{a}$ होगा।

उदाहरण 1■ $(\frac{a}{b} + \frac{b}{a})$ और $\sqrt{a^2 + b^2}$ का

तृतीयानुपाती $= \sqrt{a^2 + b^2}^2 \div \left(\frac{a}{b} + \frac{b}{a}\right) = (a^2 + b^2) \div \left(\frac{a^2+b^2}{ab}\right) = ab$ होगा।

उदाहरण 2■ 5 और 10 का तृतीयानुपाती $= 10^2 \div 5 = 100 \div 5 = 20$ होगा।

(2) **चतुर्थानुपाती ज्ञात करना** नियम a ,b और c का चतुर्थानुपाती d $= b * c \div a = \frac{b*c}{a}$

उदाहरण 1■ 8 ,14 और 16 का चतुर्थानुपाती $= 14 * 16 \div 8 = \frac{14*16}{8} = 28$ होगा।

उदाहरण 2■ 2xy ,x^2 और y^2 का चतुर्थानुपाती $= \frac{x^2 * y^2}{2xy} = \frac{xy}{2}$ होगा।

उदाहरण 3■ 14:35::16:x हो तो चतुर्थानुपाती $x = \frac{35*16}{14} = 40$ होगा।

(3) **मध्यानुपाती ज्ञात करना .** नियम a और c का मध्यानुपाती b $= \sqrt{a * c}$

उदाहरण 1■ $4x^2y$ और $9yz^2$ का मध्यालुपाती $= \sqrt{(4x^2y) * (9yz^2)} = 6xyz$ होगा।

उदाहरण 2■ $49x^2$और $100y^2$ का मध्यालुपाती $= \sqrt{(49x^2) * (100y^2)} = 70xy$ होगा।

3-3 समानुपात विषयक महत्वपूर्ण अभिगृहीत एवं समानुपात के नियम के तहत प्रमेय

प्रमेय 1 $(a+x):(b+x):(c+x)$ हो तो $x = \frac{b^2-ac}{a+c-2b}$ होगा।

प्रमाण $(a+x):(b+x):(c+x)$ का समानुपात विस्तार $(a+x):(b+x) :: (b+x):(c+x)$ होगा।

तब अभिगृहीत 2 के तहत्– $(a+x)*(c+x) = (b+x)*(b+x) \Rightarrow ac+(a+c)x+x^2 = b^2+2bx+x^2$

$\Rightarrow (a+c-2b)x = b^2 - ac \quad \therefore x = \frac{b^2-ac}{a+c-2b}$ होगा । **प्रमाणित।**

प्रमेय 2 $a+c = 2b$ और $\frac{1}{b}+\frac{1}{d} = \frac{2}{c}$ हो तो $a:b :: c:d$ होगा।

प्रमाण $\frac{1}{b}+\frac{1}{d} = \frac{2}{c}$ से $dc+bc = 2bd \Rightarrow (d+b)c = (a+c)d$ ------ $2b = (a+c)$ प्रतिस्थापित करने पर।

$\Rightarrow dc+bc = ad+cd \quad \Rightarrow bc = ad \quad \therefore$ अभिगृहीत समिका 2 के तहत $a:b :: c:d$ होगा। **प्रमाणित।**

प्रमेय 3 a तथा c का मध्यानुपती b हो तो $\frac{a^2-b^2+c^2}{a^{-2}-b^{-2}+c^{-2}} = b^4$ होगा।

प्रमाण a तथा c का मध्यानुपती b है $\therefore b^2 = ac$ -----------(1)

$$a^{-2}-b^{-2}+c^{-2} = \frac{1}{a^2}-\frac{1}{b^2}+\frac{1}{c^2} = \frac{b^2c^2-a^2c^2+a^2b^2}{a^2b^2c^2} = \frac{b^2c^2-(ac)^2+a^2b^2}{b^2(ac)^2} = \frac{b^2c^2-(b^2)^2+a^2b^2}{b^2(b^2)^2}$$

$= \frac{c^2-b^2+a^2}{b^4} \quad \therefore \frac{a^2-b^2+c^2}{a^{-2}-b^{-2}+c^{-2}} = \frac{a^2-b^2+c^2}{\frac{c^2-b^2+a^2}{b^4}} = b^4$ होगा। **प्रमाणित।**

प्रमेय 4 यदि p तथा r का मध्यानुपती q हो तो $pqr(p+q+r)^3 = (pq+qr+rp)^3$ होगा।

प्रमाण p तथा r का मध्यानुपती q है $\therefore q^2 = pr \Rightarrow pqr = q^3$ -----------(1)

$pqr(p+q+r)^3 = q^3(p+q+r)^3 = \{q(p+q+r)\}^3$

$= (pq+q^2+qr)^3 = (pq+rp+qr)^3 = (pq+qr+rp)^3$ होगा। **प्रमाणित।**

प्रमेय 5 यदि अलग–अलग चार संख्याएँ a,b,c और d में एक उभयनिष्ठ संख्या x जोड़ने पर प्राप्त योगमान संख्याएँ समानुपात नियम में $(a+x):(b+x)::(c+x):(d+x)$ हो तो $x = \frac{bc-ad}{(a+b)-(b+c)}$ होगा ।

प्रमाण– $(a+x):(b+x)::(c+x):(d+x)$ से $(a+x)*(d+x) = (b+x)*(c+x)$

$\Rightarrow ad+(a+d)x+x^2 = bc+(b+c)x+x^2 \Rightarrow \{(a+d)-(b+c)\}x = bc-ad$

$\therefore x = \frac{bc-ad}{(a+d)-(b+c)}$ होगा। **प्रमाणित।**

उदाहरण■ यदि अलग–अलग चार संख्याएँ 10,18,22 और 38 में एक उभयनिष्ठ संख्या x जोड़ने पर प्राप्त योगमान संख्याएँ समानुपात नियम में $(10+x):(18+x)::(22+x):(38+x)$ हो तो–

$$x = \frac{18*22-10*38}{(10+38)-(18+22)} = \frac{396-380}{48-40} = \frac{16}{8} = 2 \text{ होगा ।}$$

प्रमेय 6 यदि अलग–अलग चार संख्याएँ a,b,c और d में एक उभयनिष्ठ संख्या x घटाने पर प्राप्त शेष मान संख्याएँ समानुपात नियम में $(a-x):(b-x)::(c-x):(d-x)$ हो तो $x = \frac{bc-ad}{(b+c)-(a+d)}$ होगा ।

प्रमाण $(a-x):(b-x)::(c-x):(d-x)$ से $(a-x)*(d-x) = (b-x)*(c-x)$

$\Rightarrow ad-(a+d)x+x^2 = bc-(b+c)x+x^2 \Rightarrow \{(b+c)-(a+d)\}x = bc-ad$

$\therefore x = \frac{bc-ad}{(b+c)-(a+d)}$ होगा। **प्रमाणित।**

उदाहरण 1■ यदि अलग–अलग चार संख्याएँ 11,20,26 और 50 में एक उभयनिष्ठ संख्या x घटाने पर प्राप्त शेष मान संख्याएँ समानुपात नियम में $(11-x):(20-x)::(26-x):(50-x)$ हो तो–

$x = \frac{20*26-11*50}{(20+26)-(11+50)} = \frac{520-550}{46-61} = \frac{-30}{-15} = 2$ होगा ।

उदाहरण 2■ यदि अलग–अलग चार संख्याएँ 23,30,57 और 78 में एक उभयनिष्ठ संख्या x घटाने पर प्राप्त शेष मान संख्याएँ समानुपात नियम में $(23-x):(30-x)::(57-x):(78-x)$ हो तो–

$x = \frac{30*57-23*78}{(30+57)-(23+78)} = \frac{1710-1794}{87-101} = \frac{-84}{-14} = 6$ होगा ।

प्रमेय 7 दो संख्याएँ x और y जिनका मध्यानुपाती p और तृतीयानुपाती q हो तो

संख्या $y=\sqrt[3]{p^2 * q}$ संख्या $x = \frac{p^2}{y} = \sqrt[3]{\frac{p^4}{q}}$ होगा।

प्रमाण संख्याएँ x और y जिनका मध्यानुपाती p है। $\therefore x*y=p^2 \Rightarrow x = \frac{p^2}{y}$ --------- (1)

पुनः संख्याएँ x और y जिनका तृतीयानुपाती q है। $\therefore x*q=y^2 \Rightarrow x = \frac{y^2}{q}$ ---------(2)

समिका (1)**और** (2) से $\frac{p^2}{y} = \frac{y^2}{q} \Rightarrow y^3 = p^2 q \therefore y = \sqrt[3]{p^2 * q}$ समीकरण (1) में प्रतिस्थापित करने पर–

$x = \frac{p^2}{y} = \frac{p^2}{\sqrt[3]{p^2*q}} = \sqrt[3]{\frac{p^4}{q}}$ होगा। **प्रमाणित।**

उदाहरण 1■ वे दो संख्या ज्ञात कीजिए जिनका मध्यानुपाती 8 और तृतीयानुपाती 64 है।

हल माना कि संख्याएँ x और y है जिनका मध्यानुपाती p=8 और तृतीयानुपाती q =64 है।

$\therefore$ संख्या $y=\sqrt[3]{p^2 * q} \Rightarrow$ संख्या $y=\sqrt[3]{8^2 * 64} = \sqrt[3]{(2^3)^2 * 4^3} = 2^2 * 4 = 4*4 = 16$

और संख्या $x= \frac{p^2}{y} = \frac{8^2}{16} = \frac{8*8}{4*4} = 2*2 = 4$

अभीष्ट संख्याएँ 4 ओर 16 होगा।

उदाहरण 2■ वे दो संख्या ज्ञात कीजिए जिनका मध्यानुपाती 24 और तृतीयानुपाती 1536 है।

हल माना कि संख्याएँ x और y है जिनका मध्यानुपाती p=24 और तृतीयानुपाती q =1536 है।

$\therefore$ संख्या $y=\sqrt[3]{p^2 * q} \Rightarrow$ संख्या $y=\sqrt[3]{24^2 * 1536} = \sqrt[3]{24^2 * (24*8*8)}$

$= \sqrt[3]{24^3 * 2^3 * 2^3} = 24*2*2 = 96$ और संख्या $x= \frac{p^2}{y} = \frac{24^2}{96} = \frac{24*24}{4*24} = 6$

अभीष्ट संख्याएँ 6 ओर 96 होगा।

3-4 समानुपात के नियम a:b :: c:d $\Rightarrow \frac{a}{b} = \frac{c}{d}$ के प्रति–

1• **एकान्तर अनुपात** के नियम में a:c :: b:d $\Rightarrow \frac{a}{c} = \frac{b}{d}$होगा।

2• **व्युत्क्रमानुपात या उल्टानुपात** के नियम में b:a :: d:c $\Rightarrow \frac{b}{a} = \frac{d}{c}$ होगा।

3• **योगानुपात** के नियम में (a+b):b :: (c+d):d $\Rightarrow \frac{a+b}{b} = \frac{c+d}{d}$ होगा।

4• **अन्तरानुपात** के नियम में $(a-b):b :: (c-d):d \Rightarrow \frac{a-b}{b} = \frac{c-d}{d}$ होगा।

5• **योगान्तरानुपात** के नियम में (a+b):(a-b) :: (c+d) : (c-d) $\Rightarrow \frac{a+b}{a-b} = \frac{c+d}{c-d}$ होगा।

6• **k का नियम में** $\frac{a}{b} = \frac{c}{d} = k$ से c=dk , a= bk

3-5 समानुपात के नियम के तहत बीजीय समिका विस्तारों को सिद्ध करने अभ्यास माला■

(1) यदि a:b :: c:d हो तो सिद्ध कर सकते है।

1■ $\frac{ma-nb}{b}=\frac{mc-nd}{d}$

प्रमाण a:b :: c:d $\Rightarrow \frac{a}{b}=\frac{c}{d}$ के दोनों पक्षों में $\frac{m}{n}$ का गुणा करने पर

$\Rightarrow \frac{a}{b}*\frac{m}{n}=\frac{c}{d}*\frac{m}{n} \Rightarrow \frac{ma}{nb}=\frac{mc}{nd}$ के प्रति अन्तरानुपात नियम से।

$\Rightarrow \frac{ma-nb}{nb}=\frac{mc-nd}{nd}$ के दोनों पक्ष के हरों का समान गुणांक n का विलोपन करने पर $\frac{ma-nb}{b}=\frac{mc-nd}{d}$ सिद्ध।

2■ $\frac{3a+4b}{3c+4d}=\frac{5a+6b}{5c+6d}$

प्रमाण a:b :: c:d $\Rightarrow \frac{a}{b}=\frac{c}{d}$ के दोनों पक्षों में $\frac{3}{4}$ का गुणा करने पर

$\Rightarrow \frac{3a}{4b}=\frac{3c}{4d}$ के प्रति अन्तरानुपात नियम से।

$\Rightarrow \frac{3a+4b}{4b}=\frac{3c+4d}{4d} \Rightarrow \frac{3a+4b}{b}=\frac{3c+4d}{d} \Rightarrow \frac{3a+4b}{3c+4d}=\frac{b}{d}$ --------(A)

इसी प्रकार $\frac{5a+6b}{5c+6d}=\frac{b}{d}$ --------(B)

∴ समिका (A) और (B) से $\frac{3a+4b}{3c+4d}=\frac{5a+6b}{5c+6d}$ सिद्ध।

3■ $\frac{a^2+c^2}{a^2-c^2}=\frac{b^2+d^2}{b^2-d^2}$

प्रमाण a:b :: c:d $\Rightarrow \frac{a}{b}=\frac{c}{d}$ के प्रति अन्तरानुपात नियम से $\Rightarrow \frac{a}{c}=\frac{b}{d}$ के दोनों पक्षें का वर्ग मान लिए जानें पर $\Rightarrow$ $\frac{a^2}{c^2}=\frac{b^2}{d^2}$ के प्रति योगान्तरानुपात नियम से $\frac{a^2+c^2}{a^2-c^2}=\frac{b^2+d^2}{b^2-d^2}$ सिद्ध।

4■ $\frac{a^2-b^2}{ab}=\frac{c^2-d^2}{cd}$

प्रमाण a:b :: c:d $\Rightarrow \frac{a}{b}=\frac{c}{d}=k$ से a=kb , c=kd से –

बाँया पक्ष $=\frac{a^2-b^2}{ab}=\frac{b^2k^2-b^2}{kb^2}=\frac{b^2(k^2-1)}{b^2k}=\frac{k^2-1}{k}$ ------------(A)

दाँया पक्ष $=\frac{c^2-d^2}{cd}=\frac{d^2k^2-d^2}{kd^2}=\frac{d^2(k^2-1)}{d^2k}=\frac{k^2-1}{k}$ ------------(B)

समिका (A) और (B) से $\frac{a^2-b^2}{ab}=\frac{c^2-d^2}{cd}$ सिद्ध।

5■ $\frac{a^2+ab+b^2}{a^2-ab+b^2}=\frac{c^2+cd+d^2}{c^2-cd+d^2}$

प्रमाण a:b :: c:d $\Rightarrow \frac{a}{b}=\frac{c}{d}=k$ से a=kb , c=kd से –

बाँया पक्ष $=\frac{a^2+ab+b^2}{a^2-ab+b^2}=\frac{k^2b^2+kb^2+b^2}{k^2b^2-kb^2+b^2}=\frac{b^2(k^2+k+1)}{b^2(k^2-k+1)}=\frac{k^2+k+1}{k^2-k+1}$------------(A)

दाँया पक्ष $=\frac{c^2+cd+d^2}{c^2-cd+d^2}=\frac{k^2d^2+kd^2+d^2}{k^2d^2-kd^2+d^2}=\frac{d^2(k^2+k+1)}{d^2(k^2-k+1)}=\frac{k^2+k+1}{k^2-k+1}$------------(B)

समिका (A) और (B) से $\frac{a^2+ab+b^2}{a^2-ab+b^2}=\frac{c^2+cd+d^2}{c^2-cd+d^2}$ सिद्ध।

6■ $\frac{(a+c)^3}{(b+d)^3}=\frac{a(a-c)^2}{b(b-d)^2}$

प्रमाण a:b :: c:d $\Rightarrow \frac{a}{b} = \frac{c}{d} = k$ से a=kb , c=kd से –

बाँया पक्ष $= \frac{(a+c)^3}{(b+d)^3} = \frac{(bk+dk)^3}{(b+d)^3} = \frac{k^3\,(b+d)^3}{(b+d)^3} = k^3$ ------------(A)

दाँया पक्ष $= \frac{\mathbf{a(a-c)^2}}{\mathbf{b(b-d)^2}} = \frac{\mathbf{bk(bk-dk)^2}}{\mathbf{b(b-d)^2}} = \frac{\mathbf{bk*k^2(b-d)^2}}{\mathbf{b(b-d)^2}} = \mathbf{k^3}$ ------------(B)

समिका (A) और (B) से $\frac{\mathbf{(a+c)^3}}{\mathbf{(b+d)^3}} = \frac{\mathbf{a(a-c)^2}}{\mathbf{b(b-d)^2}}$ **सिद्ध।**

7■ $\text{abcd}[\frac{1}{a^2} + \frac{\mathbf{1}}{\boldsymbol{b^2}} + \frac{\mathbf{1}}{\boldsymbol{c^2}} + \frac{\mathbf{1}}{\boldsymbol{d^2}}] = \mathbf{a^2 + b^2 + c^2 + d^2}$

प्रमाण a:b :: c:d $\Rightarrow \frac{a}{b} = \frac{c}{d} = k$ से a=kb , c=kd से

बाँया पक्ष $\text{abcd}[\frac{1}{a^2} + \frac{1}{b^2} + \frac{1}{c^2} + \frac{1}{d^2}] = b^2d^2k^2[\frac{1}{b^2k^2} + \frac{1}{b^2} + \frac{1}{d^2k^2} + \frac{1}{d^2}]$

$= d^2 + d^2k^2 + b^2 + b^2k^2 = (b^2 + d^2)(k^2 + 1)$ ------(A)

दाँया पक्ष $a^2 + b^2 + c^2 + d^2 = b^2k^2 + b^2 + d^2k^2 + d^2 = (b^2 + d^2)(k^2 + 1)$ ------(B)

समिका (A) और (B) से $\text{abcd}[\frac{1}{a^2} + \frac{\mathbf{1}}{\boldsymbol{b^2}} + \frac{\mathbf{1}}{\boldsymbol{c^2}} + \frac{\mathbf{1}}{\boldsymbol{d^2}}] = \mathbf{a^2 + b^2 + c^2 + d^2}$ **सिद्ध।**

(2) यदि $\frac{\boldsymbol{3a+4b}}{\boldsymbol{3c+4d}} = \frac{\boldsymbol{3a-4b}}{\boldsymbol{3c-4d}}$ **हो तो सिद्ध कर सकते है।** $\frac{\boldsymbol{a}}{\boldsymbol{b}} = \frac{\boldsymbol{c}}{\boldsymbol{d}}$

प्रमाण $\frac{3a+4b}{3c+4d} = \frac{3a-4b}{3c-4d}$ के प्रति एकान्तर अनुपात नियम से $\Rightarrow \frac{3a+4b}{3a-4b} = \frac{3c+4d}{3c-4d}$ के प्रति योगान्तर अनुपात नियम से

$\Rightarrow \frac{(3a+4b)+(3a-4b)}{(3a+4b)-(3a-4b)} = \frac{(3c+4d)+(3c-4d)}{(3c+4d)-(3c-4d)} \Rightarrow \frac{6a}{8b} = \frac{6c}{8d}$ से दोनों पक्ष के समान अचर गुणांक $\frac{6}{8}$ का विलोपन करने पर

$\Rightarrow \frac{a}{b} = \frac{c}{d}$ **सिद्ध।**

(3) यदि $\frac{a}{b} = \frac{c}{d} = \frac{e}{f}$ **हो तो सिद्ध कर सकते है**

1■ $\frac{a^2+c^2}{b^2+d^2} = \frac{ce}{df}$

प्रमाण माना कि $\frac{a}{b} = \frac{c}{d} = \frac{e}{f} = k$ है। तब a=bk , c=dk. e=fk से

बाँया पक्ष $\frac{(bk)^2+(dk)^2}{b^2+d^2} = \frac{k^2(b^2+d^2)}{b^2+d^2} = k^2 - - - (A)$ तथा दाँया पक्ष $\frac{ce}{df} = \frac{(dk)*(fk)}{df} = \frac{k^2df}{df} = k^2 - - - (A)$

. समिका (A) और (B) से $\frac{a^2+c^2}{b^2+d^2} = \frac{ce}{df}$ **सिद्ध।**

2■ $\frac{a^3+c^3+e^3}{b^3+d^3+f^3} = \frac{a^3}{b^3}$

प्रमाण ाना कि $\frac{a}{b} = \frac{c}{d} = \frac{e}{f} = k$ है। तब a=bk , c=dk. e=fk से

बाँया पक्ष $\frac{(bk)^3+(dk)^3+(fk)^3}{b^3+d^3+f^3} = \frac{k^3(b^3+d^3+f^3)}{b^3+d^3+f^3} = k^3 - - - (A)$ तथा दाँया पक्ष $\frac{a^3}{b^3} = \frac{(kb)^3}{b^3} = k^3 - - - (A)$

. समिका (A) और (B) से $\frac{a^3+c^3+e^3}{b^3+d^3+f^3} = \frac{a^3}{b^3}$ **सिद्ध।**

(4) 1■ यदि $\mathbf{x = \frac{(2n+1)ab}{a+b}}$ हो तो **सिद्ध कर सकते है** $\mathbf{\frac{2x+(2n+1)a}{2x-(2n+1)a} + \frac{2x+(2n+1)\,b}{2x-(2n+1)b} = 2}$

प्रमाण $\mathbf{x = \frac{(2n+1)ab}{a+b}} \Rightarrow \frac{2x}{(2n+1)a} = \frac{2b}{a+b}$ के प्रति योगान्तर अनुपात नियम से

$\Rightarrow \frac{2x+(2n+1)a}{2x-(2n+1)a} = \frac{2b+(a+b)}{2b-(a+b)} \Rightarrow \frac{2x+(2n+1)a}{2x-(2n+1)a} = \frac{3b+a}{b-a} - - - - - (A)$

पुन : $\mathbf{x=\frac{(2n+1)ab}{a+b}}$ $\Rightarrow \frac{2x}{(2n+1)b}=\frac{2a}{a+b}$ के प्रति योगान्तर अनुपात नियम से

$$\Rightarrow \frac{2x+(2n+1)b}{2x-(2n+1)b}=\frac{2a+(a+b)}{2a-(a+b)} \Rightarrow \frac{2x+(2n+1)b}{2x-(2n+1)b}=\frac{3a+b}{a-b} ------(B)$$

समिका (A) और (B) का पक्षवार योग करने पर –

$$\frac{2x+(2n+1)a}{2x-(2n+1)a}+\frac{2x+(2n+1)b}{2x-(2n+1)b}=\frac{3b+a}{b-a}+\frac{3a+b}{a-b}=\frac{3b+a-(3a+b)}{b-a}=\frac{2a-2b}{b-a}=\frac{2(b-a)}{b-a}=2$$ सिद्ध।

उदाहरण■ $\mathbf{x=\frac{5ab}{a+b}}$ **हो तो सिद्ध कर सकते है** $\mathbf{\frac{2x+5a}{2x-5a}+\frac{2x+5b}{2x-5b}}=2$

$x=\frac{5ab}{a+b}$ में अंश गुणांक 5 को (2n+1) के प्रतिरूपण में (2*2+1) होगा। अतः (4)1■ सिद्ध करने के प्रक्रमों में (2n+1) =5 प्रतिस्थापित करें।

2■ यदि $\mathbf{x=\frac{\sqrt{p+(2n+1)q}+\sqrt{p-(2n+1)}}{\sqrt{\sqrt{p+(2n+1)q}-\sqrt{\sqrt{p+(2n+1)q}}}}}$ **हो तो सिद्ध कर सकते है** $(2n-1)x^2-2px+(2n+1)q=0$

प्रमाण $\mathbf{x=\frac{\sqrt{p+(2n+1)q}+\sqrt{p-(2n+1)q}}{\sqrt{p+(2n+1)q}-\sqrt{p-(2n+1)q}}}$ $\Rightarrow \mathbf{\frac{x}{1}}=\mathbf{\frac{\sqrt{p+(2n+1)q}+\sqrt{p-(2n+1)q}}{\sqrt{p+(2n+1)q}-\sqrt{p-(2n+1)q}}}$ के प्रति योगान्तर अनुपात नियम से

$$\Rightarrow \mathbf{\frac{x+1}{x-1}=\frac{\{\sqrt{p+(2n+1)q}+\sqrt{p-(2n+1)q}\}+\{\sqrt{p+(2n+1)q}-\sqrt{p-(2n+1)q}\}}{\{\sqrt{p+(2n+1)q}+\sqrt{p-(2n+1)q}\}-\{\sqrt{p+(2n+1)q}-\sqrt{p-(2n+1)q}\}}=\frac{2\sqrt{p+(2n+1))q}}{2\sqrt{p-(2n+1))q}}=\frac{\sqrt{p+(2n+1))q}}{\sqrt{p-(2n+1))q}}}$$

$A_s = 32000(1+\frac{20}{100})^2 = 32000(\frac{6}{5})^2 = 32000*\frac{36}{25} = 1280*36 = 46080$ अभीष्ट उत्तर होगा।

उदाहरण 3■ एक देश की जन संख्या 5,48,72,000 है। यदि जनसंख्या कमी (घटाव) की दर 5% वार्षिक हो तो 3 वर्ष पहले राज्य की जनसंख्या कितनी थी तथा 3 वर्ष बाद नगर जनसंख्या कितनी हो जायेगी?

हल प्रश्नानुसार वर्तमान जनसंख्या $P_s = 5,48,72000$, जनसंख्या कमी (घटाव) की दर $r\% = 5\%$ $t=3$ वर्ष पहले जनसंख्या$B_s = ?$ के लिए गणना समिका – $P_s = B_s(1-\frac{r}{100})^t$ होगी। जिसमें उक्त मानों को प्रतिस्थापित करने पर–

$5,48,72000 = P_s(1-\frac{5}{100})^3 = B_s*(\frac{19}{20})^3 = B_s*\frac{6859}{8000}$ से

$B_s = 5,48,72,000*\frac{8000}{6859}$ $8000*8000 = 6,80,00.000$ अभीष्ट उत्तर होगा।

पुनः $t=3$ वर्ष बाद जनसंख्या$0_s = ?$ के लिए गणना समिका – $0_s = P_s(1-\frac{r}{100})^t$ होगी । जिसमें उक्त मानों को प्रतिस्थापित करने पर– $0_s = 5,48,72000\,(1-\frac{5}{100})^3 = 5,48,72000\,(\frac{19}{100})^3 = 5,48,72000*\frac{6859}{8000}$
$= 6859*6859 = 4,70,45,881$ अभीष्ट उत्तर होगा।

उदाहरण 4■ 4 वर्ष पूर्व 5,00,000 रूपये में क्रय किये गये नयी कार का उपभोग उपरांत आज का विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए। यदि कार का अवमूल्यन दर प्रथम 2 वर्ष के लिए 5% तथा अंतिम 2 वर्ष के लिए 10% का निर्धारित किया गया है।

हल प्रश्नानुसार नयी वाहन की कीमत $N_p = 5,00,000$ रूपये, 4 वर्ष उपभोग उपरांत हुए इस पुरानी वाहन $O_p = ?$ रूपये जहाँ वार्षिक क्रमिक अवमूल्यन की दर क्रमशः पहले वर्ष के लिए $r_1 = 5\%$ दूसरे वर्ष के लिए $r_2 = 5\%$ तीसरे वर्ष के लिए $r_3 = 10\%$ चौथे वर्ष के लिए $r_4 = 10\%$ है। ,

अतः गणना समिका – $O_p = N_P\left(1-\frac{r_1}{100}\right)*\left(1-\frac{r_2}{100}\right)*\left(1-\frac{r_3}{100}\right)*(1-\frac{r_4}{100})$ में उपरोक्त मानों का प्रतिस्थापित करने पर– $O_p = 5,00.000\left(1-\frac{5}{100}\right)*\left(1-\frac{5}{100}\right)*\left(1-\frac{10}{100}\right)*(1-\frac{10}{100})$

$= 5,00.000\left(\frac{19}{20}\right) * \left(\frac{19}{20}\right) * \left(\frac{9}{10}\right) * (\frac{9}{10}) =$ 12.50*19*19*9*9 =3,65,512.50 रू. अभीष्ट उत्तर होगा।

उदाहरण 5■ ज्ञात कीजिए उस गाँव की जनसंख्या वर्तमान वर्ष के 3 वर्ष पहले कितनी थी जो उसके बाद के प्रथम वर्ष में 15% बढ़ता है । दूसरे और तीसरे वर्ष में क्रमशः 10% और 5% घटकर वर्तमान में 7866 दर्शित है।

हल प्रश्नानुसार 3 वर्ष पहले की जन संख्या B_s =? जहाँ उसके बाद के पहले वर्ष में बढने की दर $r_1 = 15\%$ दूसरे वर्ष में घटने की दर r_2=10% तीसरे वर्ष में घटने की दर r_3=5% उपरांत वर्तमान जनसंख्या $P_{s=}$ 7866 दर्शित है।

अतः गणना समिका – $P_s = B_s\left(1+\frac{r_1}{100}\right) * \left(1-\frac{r_2}{100}\right) * \left(1-\frac{r_3}{100}\right)$ में उपरोक्त मानों का प्रतिस्थापित करने पर–

$$7866 = B_s\left(1+\frac{15}{100}\right) * \left(1-\frac{10}{100}\right) * \left(1-\frac{5}{100}\right) \Rightarrow 7866 = B_s\left(\frac{23}{20}\right) * \left(\frac{9}{10}\right) * \left(\frac{19}{20}\right)$$

$$\Rightarrow 7866 = B_s * \frac{3933}{4000} \quad \Rightarrow B_s = 7866 * \frac{4000}{3933} \quad \Rightarrow B_s = 2 * 4000 = 8000$$ अभीष्ट उत्तर होगा।

----------09----------

अध्याय -10
किश्त योजना

आधुनिक युग नित नये–नये उत्पादों नये–नये तकनिकियों की जरूरतों की लम्बी सूची और आय के सीमित साघन के बीच बाजार में विक्रेता एवं ऋणदाता संस्थाएँ लेन–देन की समुचित संतुलन की आवश्यकता को दृष्टिगत करते हुए विक्रेता वस्तु के विक्रय मूल्य एवं ऋणदाता संस्थाएँ द्वारा दियें गये ऋण की अदायगी किश्तों (प्रतिदिनी, साप्ताहिक, पाक्षिक मासिक, तिमाही छैमाही एवं वार्षिक अवधि अन्तराल) में चुकता करने की सुविधा उपलब्ध कराती है। इस प्रकार के सुविधा के प्रति विक्रेता विक्रय किये गये वस्तु का नगद मूल्य {वस्तु विक्रय अवधि पर तत्काल भुगतान राशि (तभुरा)}एवं ऋणदाता संस्थाएँ दिये ऋण राशि जिसे मूलधन कहतें है। तब व्यापारिक क्रिया अध्ययन में नगद मूल्य /मूलधन राशि की उपयोगिता से वंचित होना पड़ता है। उस वंचित भाव की संतुष्टि के प्रति विक्रेता / ऋणताता पूर्ण अदायगी अवधि पर अतिरिक्त धन लाभ चाहता है। इस प्रकार चाही गयी धन लाभ को ब्याज कहते है। ब्याज की गणना प्रतिशत राशि प्रति किश्त अवधि की (संकेत में $r\% \backslash k_t$) दर–मान मान पर किया जाता है। तब किश्तों की कुल संख्या n के प्रति किश्त योजना समिका अमानक⧗ एवं मानक दोनों तरीके में साधारण एवं चक्रवृद्धि ब्याज गणना नियम पर अलग–अलग प्राप्त करते है।

10-1 साधारण ब्याज गणना नियम पर किश्त योजना समिका प्रमेय

A• अमानक किश्त योजना समिका प्रमेय नगद मूल्य/मूलधन=P , किश्तमान राशि =k , ब्याजदर $= r\% \backslash k_t$ तथा किश्तों की संख्या =n हो तो अमानक किश्त योजना समिका में – $k=\frac{p(100+r*n)}{100n}$ $\Rightarrow$ $100*n*k = p(100+r*n)$ होगा।

प्रमाण किश्तमान राशि $k =$ मिश्रधन $A \div$ किश्तों की संख्या $n = P(1+\frac{r*n}{100}) \div n = \frac{p(100+r*n)}{100n}$

$\Rightarrow$ $100*n*k = p(100+r*n)$ प्रमाणित।

B• मानक किश्त योजना समिका प्रमेय नगद मूल्य/मूलधन=P , किश्तमान राशि =k , ब्याजदर $= r\% \backslash k_t$ तथा किश्तों की संख्या =n हो तो मानक किश्त योजना समिका में – $n*k\{200+r*(n-1)\} = 2P\{100+r*n)$

$$\Rightarrow k = \frac{2P\{100+r*n)}{n\{200+r*(n-1)\}}$$ होगा।

प्रमाण– प्रक्रम 1 मूलधन से मिश्रधन $A = P(1+\frac{r*n}{100})$

प्रक्रम 2 अंतिम nवाँ किश्त भुगतान अवधि तक प्रथम किश्त से अंतिम nवाँ किश्त मानों के प्रति अलग– अलग मिश्रधन गणना–

प्रथम किश्त का मिश्रधन $A_1 = k(1+\frac{r*(n-1)}{100})$ -------------1

दुसरे किश्त का मिश्रधन $A_2 = k(1+\frac{r*(n-2)}{100})$ -------------2

तीसरे किश्त का मिश्रधन $A_3 = k(1+\frac{r*(n-3)}{100})$ -------------3

– – – – – – – – — – – – – – – – — – – – – – – – – — – – – – – – – – –

– – – – – – – – — – – – – – – – — – – – – – – – – — – – – – – – – – –

⧗ चूँकि किश्त योजना में किसी m वें किश्त मान राशि k का भुगतान विक्रेता / ऋणदाता को $[(n-m)*$(किश्त अन्तराल अवधि)] अवधि का उपयोगिता लाभ देता है। जो कि अमानक किश्त योजना गणना में दर्शित नहीं हो पा रहा है। अतः किश्त मान राशि k अमानक होगा। आपके अध्ययन के अभाव का लाभ विक्रेता/ऋणदाता अमानक किश्त योजना समिका लागू कर सकता है। अतः इसका ध्यानाकर्षण कराया जा रहा है। किसी नगद मूल्य / मूलधन=P , ब्याजदर $= r\% \backslash k_t$ तथा किश्तों की संख्या =n के मानों की स्थिरता पर संगत किश्त योजना समिका प्रमेय का अनुप्रयोग कर किश्त मान राशि प्राप्त का किश्तमान के आकार पर पड़ने वाले प्रभाव को अनुच्छेद 3 को अनुसार विश्लेषित कर समझा ता सकता है।

mवें किश्त का मिश्रधन $A_m = k(1+\frac{r*(n-m)}{100})$ -------------m

----- ------------ ----------- ----------- ----

----- ------------ ----------- ----------- ----

अंतिम nवें किश्त का मिश्रधन $A_n = k\left(1+\frac{r*(n-n)}{100}\right) = k$ -------------n

प्रथम किश्त से अंतिम nवाँ किश्त मानों के प्रति अलग– अलग प्राप्त मिश्रधन का योगमान S

$= A_1 + A_2 + A_3 + - - - + A_n$

$= n*k + \frac{k*r}{100}\{(n-1)+(n-2)+(n-3)+- + - + - + 3 + 2 + 1\}$

$= n*k + \frac{k*r}{100}\{\frac{n*(n-1)}{2}\}$

$= n*k*\{1+\frac{r*(n-1)}{200}\}$

प्रक्रम 3 मूलधन से प्राप्त मिश्रधन A = प्रथम किश्त से अंतिम nवाँ किश्त मानों के प्रति अलग– अलग प्राप्त मिश्रधन का योगमान S होगा।

$\therefore\ P(1+\frac{r*n}{100}) = n*k*\{1+\frac{r*(n-1)}{200}\} \quad \Rightarrow\ p(\frac{100+rn}{100}) = n*k(\frac{200+r(n-1)}{200})$

$\Rightarrow\ p(100+r*n) = n*k\{\frac{200+r(n-1)}{2}\} \Rightarrow 2\,p(100+r*n) = n*k\{200 + r*(n-1)\}$

$$k = \frac{2\,p(100+r*n)}{n\{200+r*(n-1)\}}$$

10-2 चक्रवृद्धि ब्याज गणना नियम पर किश्त योजना समिका प्रमेय

A• अमानक किश्त योजना समिका प्रमेय मूल्य/मूलधन=P , किश्तमान राशि =k , ब्याजदर $= r\% \backslash k_t$ तथा किश्तों की संख्या =n हो तो $\left(1+\frac{r}{100}\right) = y$ माने जाने पर अमानक किश्त योजना समिका में – $k = \frac{p*y^n}{n} \Rightarrow n*k = py^n$ होगा।

प्रमाण– किश्तमान राशि $k =$ मिश्रधन $A \div$ किश्तों की संख्या $n = P(1+\frac{r}{100})^n \div n = p*y^n \div n = \frac{p*y^n}{k}$

$\Rightarrow n*k = p*y^n$ प्रमाणित।

B• मानक किश्त योजना समिका प्रमेय नगद मूल्य / मूलधन=P , किश्तमान राशि =k , ब्याजदर $= r\% \backslash k_t$ तथा किश्तों की संख्या =n हो तो $\left(1+\frac{r}{100}\right) = y$ माने जाने पर मानक किश्त योजना समिका में मानक किश्त योजना समिका में –

$p*y^n(y-1) = k*(y^n-1) \Rightarrow k = \frac{p*y^n(y-1)}{y^n-1}$ होगा।

प्रमाण प्रक्रम 1 मूलधन से मिश्रधन $A = P(1+\frac{r}{100})^n = p*y^n$

प्रक्रम 2 अंतिम nवाँ किश्त भुगतान अवधि तक प्रथम किश्त से अंतिम nवाँ किश्त मानों के प्रति अलग– अलग मिश्रधन गणना–

प्रथम किश्त का मिश्रधन $A_1 = k\,(1+\frac{r}{100})^{n-1} = k*y^{n-1}$-------------1

दुसरे किश्त का मिश्रधन $A_2 = k\,(1+\frac{r}{100})^{n-2} = k*y^{n-2}$-------------2

तीसरे किश्त का मिश्रधन $A_3 = k\,(1+\frac{r}{100})^{n-3} = k*y^{n-3}$------------3

----- ------------ ----------- ----------- ----

----- ------------ ----------- ----------- ----

mवें किश्त का मिश्रधन $A_m = k\,(1+\frac{r}{100})^{n-m} = k*y^{n-m}$------------m

----- ---—---- ---—---- ---—---- ----

----- ---—---- ---—---- ---—---- ----

अंतिम n वें किश्त का मिश्रधन $A_n = k(1+\frac{r}{100})^{n-n} = ky^0 = k$------------n

प्रथम किश्त से अंतिम nवाँ किश्त मानों के प्रति अलग– अलग प्राप्त मिश्रधन का योगमान S

$= A_1 + A_2 + A_3 + - - - + A_n = k*\frac{y^n-1}{y-1}$

प्रक्रम 3 मूलधन से प्राप्त मिश्रधन A = प्रथम किश्त से अंतिम nवाँ किश्त मानों के प्रति अलग– अलग प्राप्त मिश्रधन का योगमान S होगा।

$p*y^n = k(y^{n-1} + y^{n-2} + y^{n-3} + \cdot\cdot + \cdot\cdot + y^2 + y + 1) \Rightarrow p*y^n = k*\frac{y^n-1}{y-1}$

$\Rightarrow k = \frac{p*y^n(y-1)}{y^n-1}$ होगा।

10-3 साधारण ब्याज गणना नियम एवं चक्रवृद्धि ब्याज गणना नियम पर अमानक तथा मानक किश्त योजना का तुलनात्मक अध्ययन के प्रति एक उदाहरण

12% वार्षिक ब्याज दर पर लिये गये 100000 रूपयें को मासिक 24 आसान किश्तों में अदा करने साधारण ब्याज गणना नियम एवं चक्रवृद्धि ब्याज गणना नियम पर अमानक तथा मानक किश्त योजना का तुलनात्मक अध्ययन करने अलग–अलग किश्त मान राशि की गणना कीजिए।

हल प्रश्नानुसार वार्षिक ब्याज दर R =12% ∴ किश्त अन्तराल अवधि (मासिक) के प्रति ब्याज दर r = 1%

मूलधन P = 100000 रूपयें किश्तों की संख्या n =24 प्राप्त है। तब किश्तमान राशि k की गणना करना–

साधारण ब्याज गणना नियम पर

A• **अमानक गणना समिका** 100*n*k = p(100+r*n) में प्राप्त मान रखने पर–

$100*24*k = 100000\ (100+1*24) \Rightarrow 24k = 1000*124$ से

अमानक किश्त दर राशि k= 5166.67=**5167** रूपये होगा।

B• **मानक गणना समिका** $k = \frac{2P\{100+r*n\}}{n\{200+r*(n-1)\}}$ में प्राप्त मान रखने पर–

मानक किश्त दर राशि $k = \frac{2*100000\{100+1*24\}}{24\{200+1*(24-1)\}} = \frac{100000*124}{12*223} = \frac{3100000}{669}$

$= 4633.78 = 4634$रूपये होगा।

चक्रवृद्धि ब्याज गणना नियम पर $y = (1+\frac{r}{100}) = (1+\frac{1}{100}) = 1.01$

A• **अमानक गणना समिका** $n*k = p*y^n$ में प्राप्त मान रखने पर–

$24*k = 100000*(1.01)^{24} = 100000*1.26973 = 126973$ से

अमानक किश्त दर राशि k =126973 ÷ 24 = 5290.54 =5291 रूपये होगा।

B• **मानक गणना समिका** $k = \frac{p*y^n(y-1)}{y^n-1}$ में प्राप्त मान रखने पर–

मानक किश्त दर राशि $k = \frac{100000*(1.01)^{24}*(1.01-1)}{(1.01)^{24}-1} = \frac{100000*1.26973*0.01}{1.26973-1} = \frac{1269.73}{0.26973}$

=4707.41 = 4707 रूपये होगा।

गणना से स्पष्ट है –

(साधारण ब्याज गण्ना नियम से प्राप्त मानक किश्त मान राशि) < (चक्रवृद्धि ब्याज गण्ना नियम से प्राप्त मानक किश्त मान राशि) <

(साधारण ब्याज गण्ना नियम से प्राप्त अमानक किश्त मान राशि) $<$ (चक्रवृद्धि ब्याज गण्ना नियम से प्राप्त अमानक किश्त मान राशि)

ज्ञात हो बैकिंग वाणिज्य गणित में चक्रवृद्धि ब्याज गण्ना नियम से प्राप्त मानक किश्त मान राशि का निर्धारण करता है।

नगद मूल्य / मूलधन$=P$, किश्तमान राशि $=k$, ब्याजदर $= r\% \backslash k_t$ तथा किश्तों की संख्या $=n$ के प्रति–

1• साधारण ब्याज गण्ना नियम से प्राप्त अमानक किश्त मान राशि$=k_{as}$

2• साधारण ब्याज गण्ना नियम से प्राप्त मानक किश्त मान राशि$=k_s$

3• चक्रवृद्धि ब्याज गण्ना नियम से प्राप्त अमानक किश्त मान राशि$=k_{ac}$

4• चक्रवृद्धि ब्याज गण्ना नियम से प्राप्त मानक किश्त मान राशि$=k_c$ हो तो–

$$\frac{100*k_{as}*n}{100+r*n} = \frac{k_s*n\{200+r(n-1)\}}{2\{100+r*n\}} = \frac{k_{ac}*n}{(1+\frac{r}{100})^n} = \frac{k_c\{(1+\frac{r}{100})^n-1\}}{(1+\frac{r}{100})^n*(\frac{r}{100})} = p$$ होगा।

10-4 वेलकम या स्वागतम् सूची

A• केवल और केवल चक्रवृद्धि ब्याज गण्ना मान में मूलधन आधारित

मानक किश्त योजना अन्तर्गत नगद मूल्य / मूलधन$=P$ को, ब्याजदर $= r\% \backslash$ किश्त दर पर किश्तों की कुल संख्या $=n$ में प्रति मानक किश्तमान राशि $=k$ के हिसाब से चुकाने में प्रत्येक t वें किश्त के प्रति मूलधन P_t ,ब्याज की राशि C_t मिश्रधन A_t तथा t वाँ किश्त अदा करने उपरांत $(t+1)$ वें किश्त के लिए मान्य मूलधन $P_{(t+1)}$ की गणना सूची को मूलधन आधारित वेलकम या स्वागतम् सूची कहते है।

टीप वेलकम तैयार करने के अनुसार अंतिम किश्त की अदायगी प्रति किश्तमान राशि न्यूनाधिक हो सकते है।

उदाहरण■ नगद मूल्य / मूलधन$=100000$ रूपये को, ब्याजदर $= 1\% \backslash$किश्त समय अन्तराल दर पर मासिक किश्तों की कुल संख्या $=24$ में चक्रवृद्धि ब्याज गणना मान में मानक किश्तमान राशि $=4707$ रूपये के हिसाब से चुकाने का–

मूलधन आधारित वेलकम या स्वागतम् सूची

क्रमांक	किश्त क्रमाक	मूलधन P_t	ब्याज C_t	मिश्रधन A_t	अदा किया गया किश्त मान राशि k	किश्त अदा करने उपरांत परवर्ती$(t+1)$ वें किश्त के लिए मान्य मूलधन $P_{(t+1)}$
1	2	3	4	5	6	7
1	1	1,0 0,000.00	1,000.00	1,01,000.00	4707.00	96,293.00
2	2	96,293.00	963.00	97256.00	4707.00	92549.00
3	3	92549.00	925.00	93474.00	4707.00	88767.00
4	4	88767.00	888.00	89655.00	4707.00	84948.00
5	5	84948.00	849.00	85797,00	4707.00	81090.00
6	6	81090.00	811.00	81901.00	4707.00	77194.00
7	7	77194.00	772.00	77966.00	4707.00	73259.00
8	8	73259.00	733.00	73992.00	4707.00	69285.00
9	9	69285.00	693.00	69978.00	4707.00	65271.00
10	10	65271.00	653.00	65924.00	4707.00	61217.00
11	11	61217.00	612.00	61829.00	4707.00	57122.00
12	12	57122.00	571.00	57693.00	4707.00	52986.00
13	13	52986.00	530.00	53516.00	4707.00	48809.00
14	14	48809.00	488.00	49297.00	4707.00	44590.00
15	15	44590.00	446.00	45036.00	4707.00	40329.00
16	16	40329.00	403.0	40732.00	4707.00	36025.00
17	17	36025.00	360.00	36385.00	4707.00	31678.00
18	18	31678.00	317.00	31995.00	4707.00	27288.00

19	19	27288.00	273.00	27561.00	4707.00	22854.00
20	20	22854.00	229.00	23083.00	4707.00	18376.00
21	21	18376.00	184.00	18560.00	4707.00	13853.00
22	22	13853.00	139.00	13994.00	4707.00	9287.00
23	23	9287.00	93.00	9380.00	4707.00	4673.00
24	24	4673.00	47.00	4720.00	4720.00	Nill

⧗ अंतिम 24 वाँ किश्त मान 4720.00 मानक किश्त मान राशि 4707.00 रूपये से 13 अधिक है। जो कि ब्याज गणना में पूर्ण रूपये स्वीकारें जाने का परिणाम है। यह स्वाभाविक है। अन्यथा न लेवें।

B• साधारण और चक्रवृद्धि ब्याज दोनों के प्रति मिश्रधन आधारित मानक किश्त योजना अन्तर्गत नगद मूल्य / मूलधन=P को, ब्याजदर $= r\%$ \ किश्त समय अन्मराल दर पर किश्तों की कुल संख्या =n में प्रति मानक किश्तमान राशि =k के हिसाब से चुकाने में प्रत्येक t वें किश्त का (n-t) किश्त अन्तराल अवधि का मिश्रघन $kp_{(n-t)}$ के गणना एवं मूलधन=P का मिश्रधन $A_{\{n-t)+1\}}$ दर्शित करने की गणना सूची को वेलकम या स्वागतम् सूची कहते है।

कम्पनी अथवा बैंकिग प्रणाली में वेलकम देने में यह मिश्रधन आधारित नियम प्रचलित नहीं है। जिसे निःसंकोच विशुद्ध वेलकम माना जा सकता है।

साधारण ब्याज गणना में मिश्रधन आधारित वेलकम या स्वागतम् सूची

क्रमांक	किश्त क्रमांक t	मूलधनP=100000 के प्रति देय शेष मिश्रधन A_t	किश्तमान k=4634.00 रूपये का (n-t) किश्त अन्तराल अवधि का मिश्रघन $kp_{(n-t)}$	मिश्रधन $A_{t+1}=$ (स्तंम्भ4−स्तम्भ3)
1	2	3	4	5
1	1	124000.00	4634*1.23= 5700.00	118300.00
2	2	118300.00	4634*1.22= 5653.00	112647.00
3	3	112647.00	4634*1.21= 5607.00	107040.00
4	4	107040.00	4634*1.20= 5561.00	101479.00
5	5	101479.00	4634*1.19= 5514.00	95965.00
6	6	95965.00	4634*1.18= 5468.00	90497.00
7	7	90497.00	4634*1.17= 5422.00	85075.00
8	8	85075.00	4634*1.16= 5375.00	79700.00
9	9	79700.00	4634*1.15= 5329.00	74371.00
10	10	74371.00	4634*1.14= 5283.00	69088.00
11	11	69088.00	4634*1.13= 5236.00	63852.00
12	12	63852.00	4634*1.12= 5190.00	58662.00
13	13	58662.00	4634*1.11= 5144.00	53518.00
14	14	53518.00	4634*1.10= 5097.00	48421.00
15	15	48421.00	4634*1.09= 5051.00	43370.00
16	16	43370.00	4634*1.08= 5005.00	38365.00
17	17	38365.00	4634*1.07= 4958.00	33407.00
18	18	33407.00	4634*1.06= 4912.00	28495.00
19	19	28495.00	4634*1.05= 4866.00	23629.00
20	20	23629.00	4634*1.04= 4819.00	18810.00

21	21	18810.00	4634*1.03= 4773.00	14037.00
22	22	14037.00	4634*1.02= 4726.00	9311.00
23	23	9311.00	4634*1.01= 4680.00	4631.00
24	24	4631.00	4634*1.00= 4634.00	अंतिम किश्त 4634.00 के लिए 4631.00 देय होगा

चक्रवृद्धि ब्याज गणना में मिश्रधन आधारित वेलकम या स्वागतम् सूची

क्रमांक	किश्त क्रमांक t	मूलधन P=100000 के प्रति देय शेष मिश्रधन A_t	किश्तमान k=4707.00 रूपये का (n-t) किश्त अन्तराल अवधि का मिश्रघन $kp_{(n-t)}$	मिश्रधन A_{t+1}=(स्तंम्भ4−स्तम्भ3)
1	2	3	4	5
1	1	126973.00	$4707*(1.01)^{23}$=5917.00	121056.00
2	2	121056.00	$4707*(1.01)^{22}$=5859.00	115197.00
3	3	115197.00	$4707*(1.01)^{21}$=5801.00	109395.00
4	4	109395.00	$4707*(1.01)^{20}$=5743.00	103653.00
5	5	103653.00	$4707*(1.01)^{19}$=5687.00	97966.00
6	6	97966.00	$4707*(1.01)^{18}$=5630.00	92336.00
7	7	92336.00	$4707*(1.01)^{17}$=5575.00	86761.00
8	8	86761.00	$4707*(1.01)^{16}$=5519.00	81242.00
9	9	81242.00	$4707*(1.01)^{15}$=5465.00	75777.00
10	10	75777.00	$4707*(1.01)^{14}$=5411.00	70366.00
11	11	70366.00	$4707*(1.01)^{13}$=5357.00	65000.00
12	12	65000.00	$4707*(1.01)^{12}$=5304.00	59705.00
13	13	59705.00	$4707*(1.01)^{11}$=5251.00	54454.00
14	14	54454.00	$4707*(1.01)^{10}$=5199.00	49255.00
15	15	49255.00	$4707*(1.01)^{09}$=5148.00	44107.00
16	16	44107.00	$4707*(1.01)^{08}$=5097.00	39010.00
17	17	39010.00	$4707*(1.01)^{07}$=5047.00	33963.00
18	18	33963.00	$4707*(1.01)^{06}$=4997.00	28966.00
19	19	28966.00	$4707*(1.01)^{05}$=4947.00	24019.00
20	20	24019.00	$4707*(1.01)^{04}$=4898.00	19121.00
21	21	19121.00	$4707*(1.01)^{03}$=4850.00	14271.00
22	22	14271.00	$4707*(1.01)^{02}$=4802.00	9469.00
23	23	9469.00	$4707*(1.01)^{01}$=4754.00	4715.00
24	24	4715.00	$4707*(1.01)^{00}$=4707.00	अंतिम किश्त 4707.00 के लिए 4715.00 देय होगा।

10-5 किश्त संख्या n= 2 एवं 3 होने के प्रति मानक किश्त योजना

	किश्त संख्या n= 2	किश्त संख्या n= 3
साधारण ब्याज गणना नियम मे	$P(100+2r)=k(200+r)$	$P(100+3r)=2k(100+r)$
चक्रवृद्धि ब्याज गणना नियम मे	$P(1+\frac{r}{100})^2 = k(2+\frac{r}{100})$ $(1+\frac{r}{100}) = y$ के प्रति– $py^2 = k(y+1)$	$P(1+\frac{r}{100})^3=k\{(\frac{r}{100})^2+3(1+\frac{r}{100})\}$ $(1+\frac{r}{100}) = y$ के प्रति– $Py^3=k(y^2+y+1)\}$

साधारण ब्याज गणना नियम में मानक किश्त विषयक हल उदाहरण

A• प्रति किश्तमान राशि ज्ञात करना भारतीय स्टेट बैंक द्वारा शासकीय कर्मचारी के लिए जारी व्यक्तिगत लोन सुविधा अन्तर्गत 63176 का लोन 13% वार्षिक पर 24 आसान मासिक किश्तों में अदा करने की सुविधा पर देता है। किश्त मान राशि ज्ञात कीजिए।

हल प्रश्नानुसार– स्वीकृत लोन की राशि P =63176 रूपये। वार्षिक ब्याज दर R = 13%

∴ प्रति किश्त अन्तराल (मासिक) ब्याज दर $r= \frac{13}{12}\%$ देय होगा। किश्तमान राशि k = ज्ञात करना है।

मानक गणना समिका – $k = \frac{2P\{100+r*n)}{n\{200+r*(n-1)\}}$ में प्राप्त मान रखने पर–

$k = \frac{2*63176\{100+\frac{13}{12}*24)}{24\{200+\frac{13}{12}*(24-1)\}} = \frac{2*63176*126}{24*\{\frac{2400+299}{12}\}} = \frac{2*63176*126}{2*2699}$ =24*126 = 3024 रूपये अभीष्ट उत्तर होगा।

B • ब्याजदर ज्ञात करना छोटेलाल एक रेडियो जिसका नगद मून्य 870 रूपये है। 200 रूपये नगद देकर शेष देय राशि 2 समान किश्तों में 340 रूपये मासिक किश्तों दर में अदा करने का वादा कर क्रय कर लेता है। ज्ञात कीजिए दुकानदार कितने % वार्षिक व्याज दर निर्धारित करता है।

हल प्रश्नानुसार– रेडियो का नगद मूल्य 870 रूपये । रेडियो क्रय करने 200 रूपये नगद अदा किया गया।

∴ शेष उधार राशि P =870-200 = 670 रूपये । किश्तमान राशि k = 340 रूपये ।

माना कि प्रति किश्त अन्तराल (मासिक) ब्याज दर r% देय है। से वार्षिक ब्याज दर R = 12r

हल समिका P(100+2r)=k(200+r) में उपरोक्त प्राप्त मान रखने पर–

$670(100+2r)=340(200+r) \Rightarrow 67(100+2r)=34(200+r)$

$\Rightarrow 6700+134r= 6800+34r \Rightarrow 134r\text{-}34r= 6800\text{-}6800 \Rightarrow 100r= 100 \Rightarrow r = 1\%$

∴ वार्षिक ब्याज दर R= 12r =12*1% = 12% होंगा।

C• किश्तों की कुल संख्या ज्ञात करना बजाज मोटर सायकल कम्पनी के लोन मेला में एक मोटर साख्कल का नगद मूल्य 38200 .00 रूपये है । मोहन अपनी पुरानी मोटर सायकल के बदले 6000.00 रूपये नगद रियायत प्राप्त करता है। शेष देय राशि का भुगतान किश्त योजना अन्तर्गत 16% वार्षिक ब्याज पर 2900.00 रूपये मासिक किश्त का अनुबंध पर खरीद लाता है। पूर्ण अदायगी किश्तों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।

हल प्रश्नानुसार –

मोटर सायकल का नगद मूल्य 38200 .00 रूपये

— पुरानी मोटर सायकल के बदले नगद रियायत 6000.00 रूपये

∴ किश्तों में देय शेष राशि p 32200.00 रूपये

वार्षिक ब्याज दर R = 16% ∴ माासिक किश्त अन्तराल अवधि का ब्याज दर $r = \frac{16}{12} = \frac{4}{3}$ %

मासिक किश्तमान राशि $k = 2900.00$ रूपय।` पूर्ण अदायगी किश्तों की कुल संख्या n ज्ञात करना है।

मानक गणना समिका– $k = \frac{2P(100+r*n)}{n\{200+r*(n-1)\}}$

$\Rightarrow nk\{200 + r*(n-1)\} = 2p(100 + r*n)$ में प्राप्त मान रखने पर–

$n*2900\{200+\frac{4}{3}*(n-1)\} = 2*32200(100+\frac{4}{3}*n)$

$\Rightarrow 29n*(600+4n-4) = 644(300+4n) \Rightarrow 29n*(596+4n) = 644(300+4n)$

$\Rightarrow 29*4*n*(149+n) = 644*4*(75+n) \Rightarrow 29*n*(149+n) = 644*(75+n)$

$\Rightarrow 29n^2 + 4321n = 48300+644n \Rightarrow 29n^2 + 4321n - 644n - 48300 = 0$

$\Rightarrow 29n^2 + 3677n - 48300 = 0 \Rightarrow 29n^2 - 348n + 4025n - 48300 = 0$

$\Rightarrow 29n(n-12) + 4025(n-12) = 0$` $\Rightarrow (n-12)(29n+4025) = 0 \therefore n-12 = 0$ सै

किश्तों की संख्या n=12 अभीष्ट उत्तर होगा।

D• मूलधन ज्ञात करना

उस मिनीबस का नगद क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए जो 1,00,000 (एक लाख) रूपये नगद भुगतान बाद शेष देय राशि भुगतान किश्त योजना अन्तर्गत 24% वार्षिक ब्याज दर पर मासिक 60 किश्तों मे 11000 रूपये प्रति किश्त मान का अनुबंध पर खरीद गया है।

हल माना कि मिनीबस का नगद क्रय मूल्य C रूपये

प्रश्नुसार नगद दिया राशि 100000 रूपये

∴ किश्तों में देय शेष राशि p C− 100000 रूपये

वार्षिक ब्याज दर R = 24% ∴ माासिक किश्त अन्तराल अवधि का ब्याज दर $r = \frac{24}{12} = 2\%$

मासिक किश्तमान राशि $k = 11000$ रूपय।` पूर्ण अदायगी किश्तों की कुल संख्या 60

मानक गणना समिका– $k = \frac{2P(100+r*n)}{n\{200+r*(n-1)\}}$

$\Rightarrow nk\{200 + r*(n-1)\} = 2p(100 + r*n)$ में प्राप्त मान रखने पर–

$60*11000\{200+2(60-1) = 2(C-100000)(100+2*60)$

$\Rightarrow 30*11000*318 = (C-100000)*(220)$

$\Rightarrow 30*500*318 = (C-100000) \Rightarrow 477000 = (C-100000)$

∴ मिनीबस का नगद क्रय मूल्य Cरूपये = 477000+100000 =577000 रूपये अभीष्ट उत्तर होगा।

10-6 चक्रवृद्धि ब्याज गणना नियम में मानक किश्त विषयक

(1) किश्तों की संख्या n= 2 होने पर

A• प्रति किश्तमान राशि ज्ञात करना 6% वार्षिक ब्याज दर पर 5150 रूपये उधार लिया गया धन दो समान वार्षिक किश्तों में चुकाया गया । प्रति किश्तमान राशि ज्ञात कीजिए।

हल प्रश्नानुसार– मूलधन उधार राशि P =5150 रूपये । किश्त अन्तराल (वार्षिक) ब्याज दर R= 6% देय है।

माना कि प्रति किश्तमान राशि $=$k ज्ञात करना है।

गणन समिका $P(1+\frac{R}{100})^2 = k(2+\frac{R}{100})$ में प्राप्त मान प्रतिज्ञथापित करने पर–

समिका $P(1+\frac{6}{100})^2 = k(2+\frac{6}{100}) \Rightarrow 5150(1+\frac{6}{100})^2 = k(2+\frac{6}{100})$

$\Rightarrow 5150(\frac{106}{100})^2 = k(\frac{206}{100}) \Rightarrow 5150(\frac{53}{50})^2 = k(\frac{103}{50}) \Rightarrow 103 * 53 * 53 = k*103$

$\therefore$ प्रति किश्तमान राशि k $=$2809 रूपये अभीष्ट उत्तर होगा।

B • ब्याज दर ज्ञात करना एक किसान शाकम्भरी योजना अन्तर्गत सिचाई कुँआ तैयार करने 21300 रूपयें का ऋण 12729 रूपये प्रति वार्षिक किश्तमान राशि की दर पर 2 किश्तों में चुकता करने की शर्त पर अदा करने की शर्त पर प्राप्त करता है। चक्रवृद्धि ब्याज मानक गणना नियम के तहत वार्षिक ब्याज दर ज्ञात कीजिए।

हल प्रश्नानुसार– मूलधन उधार राशि P $=$21300 रूपये । किश्त अन्तराल (वार्षिक) ब्याज दर R$=$ 6% देय है।

वार्षिक किश्तमान राशि k$=$12729 रूपये । वार्षिक ब्याज दर R ज्ञात करना है।

$(1+\frac{R}{100}) = y$ के प्रति

गणन समिका $Py^2 = k(y+1)$ में प्राप्त मान प्रतिज्ञथापित करने पर–

समिका $Py^2 = k(y+1) \Rightarrow 21300y^2 = 12729(y+1)$

$y = \frac{12729+\sqrt{12729^2+4*21300*12729}}{2*213} \Rightarrow y = \frac{12729+\sqrt{12729(12729+4*21300)}}{2*21300}$

$\Rightarrow y = \frac{113^2+113\sqrt{(12729+85200)}}{42600} \Rightarrow y = \frac{113^2+113\sqrt{97969}}{42600} \Rightarrow y = \frac{113^2+113*313}{42600}$

$\Rightarrow y = \frac{113(113+313)}{42600} \Rightarrow y = \frac{113*426}{42600} = \frac{113}{100} = 1+\frac{13}{100}$

$\therefore 1+\frac{R}{100} = 1+\frac{13}{100}$ से $R = 13\ \%$ अभीष्ट उत्तर होगा।

(2) किश्तों की संख्या n≥ 3 होने पर

A• प्रति किश्तमान राशि ज्ञात करना . एक शिक्षक व्यक्तिगनत ऋण सुविधा योजना अन्तर्गत 1,50,000 रूपयें का ऋण 13% वार्षिक ब्याज दर पर 48 मासिक किश्तों में पूर्ण अदा करने का अनुबंध प्रपत्र देता है। जिसके लिए बेंक 1500 रूपये लिपकीय व्यय भी जोड़ लेता है। प्रति किश्तमान राशि ज्ञात कीजिए।

हल प्रश्नानुसार– मूलधन P $=$(लिया उधार राशि $+$लिपकीय व्यय) $=$1,50,000$+$1,500 $=$1,51,500 रूपये ।

वार्षिक ब्याज दर R$=$ 13% देय है। $\therefore$ किश्त अन्तराल अवधि (मासिक) ब्याज दर $r = \frac{13}{12}$

$y = (1+\frac{r}{100}) = (1+\frac{\frac{13}{12}}{100}) = \frac{1213}{1200}$

माना कि प्रति किश्तमान राशि $=$k ज्ञात करना है।

गणन समिका $Py^n(y-1) = k(y^n-1)$ में प्राप्त मान प्रतिज्ञथापित करने पर–

समिका $1,51,500\ (\frac{1213}{1200})^{48}(\frac{1213}{1200}-1) = k\{(\frac{1213}{12})^{48}-1\}$

$\Rightarrow$ $151500*1.67733 * (1.01083-1) = k(1.67733-1)$

$\Rightarrow$ $151500*1.67733 * 0.01083 = k(0.67733)$

$\therefore k = (151500*1.67733 * 0.01083) \div 0.67733$

$= 4063.12 = 4063.00$ रूपये अभीष्ट उत्तर होगा।

टीप वेलकम तैयार करने के अनुसार अंतिम किश्त की अदायगी प्रति किश्तमान राशि न्यूनाधिक हो सकते है।

B• ब्याज दर ज्ञात करना किश्तों की संख्या $n \geq 3$ के प्रति वास्तविक ब्याज दर ज्ञात की समिका विस्तार –

$Py^n - ky^{n-1} - ky^{n-2} - ky^{n-3}$----------$-ky^2 - ky - k = 0$ को हल करना होगा । जिसके लिए n घाती समीकरण हल करने के नियम का प्रतिपादन करना होगा। जो कि किश्तों की संख्या n के बढ़ते मानों के प्रति उत्तरोत्तर कठिन होता जावेगा और यह प्राप्त हल भी वास्तविक ब्याज दर के निकटतर ही होगा।

किश्तों की संख्या n=3 के प्रति उदाहरण एक किसान ट्रेक्टर क्रय करने कृषि विकास निगम से 3,31,000 रूपये का लोन 1,33,100 रूपये प्रति वार्षिक किश्तमान राशि की दर पर 3 ख्मान किश्तों में चुकता करने की शर्त पर प्राप्त करता है। चक्रवृद्धि ब्याज मानक गणना नियम के तहत वार्षिक ब्याज दर ज्ञात कीजिए।

हल प्रश्नानुसार– मूलधन उधार राशि P =3,31,000 रूपये । वार्षिक किश्तमान राशि k=1,33100रूपये । वार्षिक ब्याज दर R ज्ञात करना है।

$(1+\frac{R}{100}) = y$ के प्रति

गणन समिका $Py^n - ky^{n-1} - ky^{n-2} - ky^{n-3}$----------$-ky^2 - ky - k = 0$ में प्राप्त मान प्रतिस्थापित करने पर–

$3{,}31000y^3 - 133100y^2 - 133{,}100y - 1{,}33100 = 0$

$\Rightarrow 3310y^3 - 1331y^2 - 1331y - 1331 = 0$ y=1.1 प्रतिस्थापित करने पर–

बाँया पक्ष $=3310(1.1)^3 - 1331(1.1)^2 - 1331(1.1) - 1331$

$=3310 * 1.331 - 1331 * 1.21 - 1331(1.1) - 1331$

$= 3310 * 1.331 - 1331 * 3.31 = 3310 * 1.331 - 1.331 * 3310 = 0$ =दाँया पक्ष।

अतः y=1.1 प्रमाणित हुआ। अतः $1+\frac{R}{100} = 1.1 = 1 + 0.1 = 1+\frac{10}{100}$ ∴ $R = 10\%$ अभीष्ट उत्तर होगा।

किश्तों की कुल संख्या n ज्ञात करना $(1+\frac{r}{100}) = y$ से $y - 1 = \frac{r}{100}$

हल समिका $Py^n = k * \frac{y^n - 1}{y-1} \Rightarrow \frac{y^n - 1}{y^n} = \frac{P}{k}(y-1) \Rightarrow 1 - \frac{1}{y^n} = \frac{P}{k}(y-1)$

$$\Rightarrow 1 - \frac{1}{(1+\frac{r}{100})^n} = \frac{P}{k} * \frac{r}{100} \Rightarrow \frac{1}{(1+\frac{r}{100})^n} = 1 - \frac{Pr}{100k} \Rightarrow \frac{1}{(1+\frac{r}{100})^n} = \frac{100k - Pr}{100k}$$

$$\Rightarrow \left(1 + \frac{r}{100}\right)^n = \frac{100k}{100k - pr} \Rightarrow n\log(1 + r * 0.01) = \log\left[\frac{100k}{100k - Pr}\right]$$

∴ **किश्तों की कुल संख्या n =** $\frac{\log\left[\frac{100k}{100k-Pr}\right]}{\log(1+r*0.01)}$ का हल मान होगा।

उदाहरण■ सरकारी कर्मचारी आवास ऋण योजना अन्तर्गत एक कर्मचारी भारतीय स्टेट बैंक से 12% वार्षिक ब्याजदर एवं 3500 मासिक किश्तों अदायगी पर 2,50,000 रूपये का ऋण स्वीकृती अनुबंध पत्र देता है। जिसके लिए बैंक 500 रूपये का लिपकीय शुल्क भी जोड़ लेता है। यदि ब्याज गणना प्रतिदिनी चक्रवृद्धि हो तो मासिक किश्तों की कुल संख्याा ज्ञात कीजिए।

हल गणना में 1 वर्ष =365 दिन तथा 1 माह=$\frac{365}{12}$ दिन लिया गया है। तथा हल के लिए आवश्यक गणना कम्प्यूटर सें प्राप्त गणना को लिया गया है।

प्रश्नानुसार– मूलधन P =(लिया उधार राशि +लिपकीय व्यय) =2,50,000+500 =2,50,500 रूपये ।

वार्षिक ब्याज दर R= 12% देय है। ∴ किश्त अन्तराल अवधि (मासिक) ब्याज दर $r = \frac{12}{12} = 1\%$

तथा प्रतिदिनी ब्याज दर $r_d = \frac{12}{365}$

$$y = (1+\frac{r}{100}) = (1+\frac{1}{100}) = 1.01 \quad \text{तथा } y_d = (1+\frac{r_d}{100}) = (1+\frac{\frac{12}{365}}{100}) = \frac{36512}{36500} = 1.0003287$$

माना कि प्रतिदिनी किश्तमान राशि k_d है।

$\therefore$ मासिक किश्तमान राशि $k = k_d\ (\frac{(y_d)^{\frac{365}{12}}-1}{y_d-1}) \Rightarrow 3500 = k_d\ (\frac{(1.0003287)^{\frac{365}{12}}-1}{1.0003287-1})$

$$\Rightarrow 3500 = k_d\ (\frac{(1.0003287)^{\frac{365}{12}}-1}{0.0003287}) = k_d \left\{\frac{(1.0003287)^{30.41667}-1}{0.0003287}\right\} = k_d \left\{\frac{1.01004644-1}{0.0003287}\right\}$$

$= k_d \left\{\frac{0.01004644}{0.0003287}\right\}$ से प्रतिदिनी किश्तमान राशि $k_d = \frac{3500*0.0003287}{0.01004644} = 114.51$ रूपये होगा ।

किश्तमानों की कुल संख्या $n_d = \frac{\log\left[\frac{100*k_d}{100*k_d-Pr}\right]}{\log\ (1+r_d*0.01)} = \frac{\log\left[\frac{100*114.51}{100*114.51-250500*\frac{12}{365}}\right]}{\log\ \left(1+\frac{12}{365}*0.01\right)}$

$$= \frac{\log\left[\frac{11451}{*11451-8236}\right]}{\log\ (1+0.0003287)} = \frac{\log\left[\frac{11451}{3215}\right]}{\log\ (1.0003287)}$$

$$= \frac{\log(3.561741)}{\log\ (1.0003287)} = \frac{0.551662}{0.000142} = 3884.94 = 3885 \text{ दिन}$$

$= 10.644$ वर्ष $= 127.728$ माह के लिए 128 माह होगा।

अथवा

चूँकि किश्तों का भुगतान मासिक किश्त अंतराल योजना एवं गणना प्रतिदिनी चक्रवृद्धि है। $\therefore$ प्रतिदिनी चक्रवृद्धि गणना एवं किश्तों का भुगतान मासिक किश्त अंतराल योजना के प्रति चक्रवृद्धि ब्याज दर $r = [\ \{$सरल मासिक ब्याज दर $=$ (वार्षिक ब्याज दर $R) \div 12 = 12 \div 12 = 1\}$ का प्रतिदिनी ब्याज दर $r_d = \frac{12}{365}$ पर –

(1माह $= \frac{365}{12}$) का मिश्रधन $= 1*\left(1+\frac{\frac{12}{365}}{100}\right)^{\frac{365}{12}} = \left(\frac{36512}{36500}\right)^{\frac{365}{12}} = 1.0100485$

मासिक किश्तमानों की कुल संख्या $n = \frac{\log\left[\frac{100*k}{100*k-P*r}\right]}{\log\ (1+r*0.01)} = \frac{\log\left[\frac{100*3500}{100*3500-250500*.1.0100485}\right]}{\log\ (1+1.0100485*0.01)}$

$$= \frac{\log\left[\frac{350000}{350000-253017}\right]}{\log\ (1+0.010100485)} = \frac{\log\left[\frac{350000}{96983}\right]}{\log\ (1.010100485)}$$

$= \frac{\log(3.60888)}{\log\ (1.0101)} = \frac{0.55737}{0.00436} = 127.837$ माह के लिए 128 माह होगा।

----------10----------

अध्याय 11
करारोपण एवं उपभोग

किसी देश या राज्य की सरकार अपनी आर्थिक प्रक्रिया को पूरा करने के लिए राजकोष बनाती है। इस राजकोष को पूरा करने जनता से कर या टैक्स वसूलती है। जिसे राजस्व प्राप्त करना कहते है। ये टैक्स कई प्रकार के होते है। जैसे आय–कर,, मनोरंजन–कर, दान–कर , उत्पादन–कर , विक्रय–कर , मकान–टैक्स, जल–कर , सफाई–कर ....इत्यादि इत्यादि। उत्पादन एवं विक्रय पर लगने वाले करों में कमी या वृद्धि तथा उपभोक्ता के लिए वस्तु की मांग की प्रबलता पूर्व प्राप्त होने वाले राजस्व पर प्रभाव डालते है। जिसका प्रथम सामान्य अध्ययन करना यथेष्ठ होगा। अनुच्छेद क्रम में प्रस्तुत है।

11-1 किसी वस्तु के उत्पादन/विक्रय में कर की वृद्धि/कमी से वस्तु के उपभोग (मांग) मात्रा में होने वाले वृद्धि/कमी का प्राप्त पूर्व राजस्व में प्रभाव गणितीय अध्ययन में किसी वस्तु के उत्पादन/विक्रय में कर एवं उपभोग (मांग) मात्रा में होने वाले वृद्धि/कमी को % मान में दर्शाने की परिपाटी है। अतः हमारा अध्ययन किसी वस्तु के उत्पादन/विक्रय में कर में x% वृद्धि/कमी दर्ज होने पर उस वस्तु के उपभोग (मांग) मे y% वृद्धि/कमी दर्ज हो तो कुल प्राप्त राजस्व में a% की वृद्धि/कमी दर्ज होने के प्रति अध्ययन करना है।

(A) यदि वस्तु के उत्पादन/विक्रय पर कर में x% वृद्धि दर्ज होने पर वस्तु के उपभोग (मांग) मात्रा में y% कमी दर्ज हो तो पूर्व में कुल प्राप्त राजस्व में होने परिवर्तन के % मान a में निम्नानुसार प्रतिबंधों का प्रभाव पड़ता है।

1• x=y =k हो तो इस नये करारोपण एवं उपभोग (मांग) मात्रा से कुल प्राप्त राजस्व पूर्व में प्राप्त राजस्व से कम होगा और यह कमी का % मान $a = \frac{k^2}{100}\%$ होगा।

2• $y = \frac{100}{100+x}$ हो तो इस नये करारोपण एवं उपभोग (मांग) मात्रा से कुल प्राप्त राजस्व पूर्व में प्राप्त राजस्व के बराबर होगा। अर्थात् कुल प्राप्त राजस्व में होने परिवर्तन के % मान $a = 0\ \%$

3• $y > \frac{100}{100+x}$ हो तो इस नये करारोपण एवं उपभोग (मांग) मात्रा से कुल प्राप्त राजस्व पूर्व में प्राप्त राजस्व से कम होगा और यह कमी का % मान $a = \frac{100(y-x)+xy}{100}\%$ होगा।

4• $y < \frac{100}{100+x}$ हो तो इस नये करारोपण एवं उपभोग (मांग) मात्रा से कुल प्राप्त राजस्व पूर्व में प्राप्त राजस्व से अधिक होगा और यह आधिक्य (वृद्धि) का % मान $a = \frac{100(x-y)-xy}{100}\%$ होगा।

(B) यदि वस्तु के उत्पादन/विक्रय पर कर में x% कमी दर्ज होने पर वस्तु के उपभोग (मांग) मात्रा में y% वृद्धि दर्ज हो तो पूर्व में कुल प्राप्त राजस्व में होने परिवर्तन के % मान a में निम्नानुसार प्रतिबंधों का प्रभाव पड़ता है।

1• x=y =k हो तो इस नये करारोपण एवं उपभोग (मांग) मात्रा से कुल प्राप्त राजस्व पूर्व में प्राप्त राजस्व से कम होगा और यह कमी का % मान $a = \frac{k^2}{100}\%$ होगा।

2• $y = \frac{100}{100-x}$ हो तो इस नये करारोपण एवं उपभोग (मांग) मात्रा से कुल प्राप्त राजस्व पूर्व में प्राप्त राजस्व के बराबर होगा। अर्थात् कुल प्राप्त राजस्व में होने परिवर्तन के % मान $a = 0\ \%$

3• $y > \frac{100}{100-x}$ हो तो इस नये करारोपण एवं उपभोग (मांग) मात्रा से कुल प्राप्त राजस्व पूर्व में प्राप्त राजस्व से अधिक होगा और यह आधिक्य (वृद्धि) का % मान $a = \frac{100(y-x)-xy}{100}\%$ होगा।

4• $y < \frac{100}{100-x}$ हो तो इस नये करारोपण एवं उपभोग (मांग) मात्रा से कुल प्राप्त राजस्व पूर्व में प्राप्त राजस्व से कम होगा और यह कमी का % मान $a = \frac{100(x-y)+xy}{100}\%$ होगा।

(C) यदि वस्तु के उत्पादन/विक्रय में कर में x% वृद्धि दर्ज होने पर वस्तु के उपभोग (मांग) मात्रा में y% अधिक दर्ज हो तो पूर्व में कुल प्राप्त राजस्व से अधिक होगा और यह आधिक्य (वृद्धि) का % मान $a = \frac{100(y+x)+xy}{100}\%$ होगा।

(D) यदि वस्तु के उत्पादन/विक्रय में कर में x% कमी दर्ज होने पर वस्तु के उपभोग (मांग) मात्रा में y% कमी दर्ज हो तो पूर्व में कुल प्राप्त राजस्व से कम होगा और यह कमी का % मान $a = \frac{100(y+x)-xy}{100}\%$ होगा।

उदाहरण 1■ यदि सोने के क्रय–विक्रय पर पूर्व जारी कर में 25% वृद्धि दर्ज होने पर सोने के उपभोग (मांग) मात्रा में –
(1) 25% की कमी (2) 20% की कमी (3) 30% की कमी (4) 15% की कमी (5) 40% की वृद्धि दर्ज होने के प्रति क्रमशः अलग–अलग पूर्व में कुल प्राप्त राजस्व में होने परिवर्तन के % मान ज्ञात कीजिए।

हल 1• प्रश्नानुसार सोने के क्रय–विक्रय पर पूर्व जारी कर में वृद्धि दर्ज का % मान x =25%

सोने के उपभोग (मांग) मात्रा में कमी का % मान y =25%

हल हेतू प्रतिबंध की जाँच में x=y =k =25% है।

अतः कुल प्राप्त राजस्व में होने वाले परिवर्तन में कमी दर्ज होगा। जिसका % मान $a = \frac{k^2}{100} = \frac{25^2}{100} = \frac{625}{100} = 6.25\%$ की कमी दर्ज होगा। अभीष्ट उत्तर होगा।

हल 2• प्रश्नानुसार सोने के क्रय–विक्रय पर पूर्व जारी कर में वृद्धि दर्ज का % मान x =25%

सोने के उपभोग (मांग) मात्रा में कमी का % मान y =20%

हल हेतू प्रतिबंध की जाँच में $\frac{100x}{100+x} = \frac{100*25}{100+25} = \frac{2500}{125} = 20$ से $y = \frac{100x}{100+x}$ है।

अतः कुल प्राप्त राजस्व में होने वाले परिवर्तन अपरिवर्तनीय होगा। अर्थात परिवर्तन का % मान a = 0 % अभीष्ट उत्तर होगा।

हल 3• प्रश्नानुसार सोने के क्रय–विक्रय पर पूर्व जारी कर में वृद्धि दर्ज का % मान x =25%

सोने के उपभोग (मांग) मात्रा में कमी का % मान y =30%

हल हेतू प्रतिबंध की जाँच में $\frac{100x}{100+x} = \frac{100*25}{100+25} = \frac{2500}{125} = 20$ से $y > \frac{100x}{100+x}$ है।

अतः कुल प्राप्त राजस्व में होने वाले परिवर्तन में वृद्धि दर्ज होगा। जिसका % मान $a = \frac{100(y-x)+xy}{100} = \frac{100(30-25)+30*25}{100} = \frac{1250}{100} = 12.50\%$ की वृद्धि दर्ज होगा। अभीष्ट उत्तर होगा।

हल 4• प्रश्नानुसार सोने के क्रय–विक्रय पर पूर्व जारी कर में वृद्धि दर्ज का % मान x =25%

सोने के उपभोग (मांग) मात्रा में कमी का % मान y =15%

हल हेतू प्रतिबंध की जाँच में $\frac{100x}{100+x} = \frac{100*25}{100+25} = \frac{2500}{125} = 20$ से $y < \frac{100x}{100+x}$ है।

अतः कुल प्राप्त राजस्व में होने वाले परिवर्तन में वृद्धि दर्ज होगा। जिसका % मान $a = \frac{100(x-y)-xy}{100} = \frac{100(25-15)-25*15}{100} = \frac{625}{100} = 6.25\%$ की वृद्धि दर्ज होगा। अभीष्ट उत्तर होगा।

हल 5• प्रश्नानुसार सोने के क्रय–विक्रय पर पूर्व जारी कर में वृद्धि दर्ज का % मान x =25%

सोने के उपभोग (मांग) मात्रा में वृद्धि का % मान y = 40%

अतः कुल प्राप्त राजस्व में होने वाले परिवर्तन में वृद्धि दर्ज होगा।

जिसका % मान a = $\frac{100(x+y)+xy}{100}$ = $\frac{100(25+40)-25*40}{100}$ = $\frac{7500}{100}$ = 75% की वृद्धि दर्ज होगा। अभीष्ट उत्तर होगा।

उदाहरण 2■ यदि स्टील बर्तनों के क्रय–विक्रय पर पूर्व जारी कर में 20% की कमी दर्ज होने पर इसके उपभोग (मांग) मात्रा में – (1) 20% की वृद्धि (2) 25% की वृद्धि(3) 30% की वृद्धि (4) 15% की वृद्धि (5) 40% की कमी दर्ज होने के प्रति क्रमशः अलग–अलग पूर्व में कुल प्राप्त राजस्व में होने परिवर्तन के % मान ज्ञात कीजिए।

हल 1• प्रश्नानुसार– स्टील बर्तनों के क्रय–विक्रय पर पूर्व जारी कर में कमी दर्ज का % मान x =20%

सोने के उपभोग (मांग) मात्रा में वृद्धि का % मान y =20%

हल हेतू प्रतिबंध की जाँच में x=y =k =20% है।

अतः कुल प्राप्त राजस्व में होने वाले परिवर्तन में कमी दर्ज होगा। जिसका % मान a =$\frac{k^2}{100}$ = $\frac{20^2}{100}$ = $\frac{400}{100}$ = 4% की कमी दर्ज होगा। अभीष्ट उत्तर होगा।

हल 2• प्रश्नानुसार स्टील बर्तनों के क्रय–विक्रय पर पूर्व जारी कर में कमी दर्ज का % मान x =20%

स्टील बर्तनों के उपभोग (मांग) मात्रा में वृद्धि का % मान y =25%

हल हेतू प्रतिबंध की जाँच में $\frac{100x}{100-x}$ = $\frac{100*20}{100-20}$ = $\frac{2000}{80}$ =25 से y=$\frac{100x}{100+x}$ है।

अतः कुल प्राप्त राजस्व में होने वाले परिवर्तन अपरिवर्तनीय होगा। अर्थात परिवर्तन का % मान a = 0 % अभीष्ट उत्तर होगा।

हल 3• प्रश्नानुसार स्टील बर्तनों के क्रय–विक्रय पर पूर्व जारी कर में कमी दर्ज का % मान x =20%

स्टील बर्तनों के उपभोग (मांग) मात्रा में कमी का % मान y =30%

हल हेतू प्रतिबंध की जाँच में $\frac{100x}{100+x}$ = $\frac{100*20}{100-20}$ = $\frac{2000}{80}$ =25 से y>$\frac{100x}{100+x}$ है।

अतः कुल प्राप्त राजस्व में होने वाले परिवर्तन में वृद्धि दर्ज होगा।

जिसका % मान a = $\frac{100(y-x)-xy}{100}$ = $\frac{100(30-20)-30*20}{100}$ = $\frac{400}{100}$ = 4% की वृद्धि दर्ज होगा। अभीष्ट उत्तर होगा।

हल 4• प्रश्नानुसार स्टील बर्तनों के क्रय–विक्रय पर पूर्व जारी कर में कमी दर्ज का % मान x =20%

स्टील बर्तनों के उपभोग (मांग) मात्रा में कमी का % मान y =15%

हल हेतू प्रतिबंध की जाँच में $\frac{100x}{100+x}$ = $\frac{100*25}{100+25}$ = $\frac{2500}{125}$ =20 से y<$\frac{100x}{100+x}$ है।

अतः कुल प्राप्त राजस्व में होने वाले परिवर्तन में कमी दर्ज होगा।

जिसका % मान a = $\frac{100(x-y)+xy}{100}$ = $\frac{100(25-15)+20*15}{100}$ = $\frac{800}{100}$ = 8% की कमी दर्ज होगा। अभीष्ट उत्तर होगा।

हल 5• प्रश्नानुसार स्टील बर्तनों के क्रय–विक्रय पर पूर्व जारी कर में कमी दर्ज का % मान x =20%

स्टील बर्तनों के उपभोग (मांग) मात्रा में कमी का % मान y = 40%

अतः कुल प्राप्त राजस्व में होने वाले परिवर्तन में कमी दर्ज होगा।

जिसका % मान a = $\frac{100(x+y)-xy}{100}$ = $\frac{100(20+40)-20*40}{100}$ = $\frac{5200}{100}$ = 52% की कमी दर्ज होगा। अभीष्ट उत्तर होगा।

11-2 कर परिवर्तन के प्रति परिर्वतनकर्ता (सरकार) का गणितीय व्यवहार यह अलग अध्ययन का विषय है कि कर (टैकस) परिवर्तन का मानव समाज (उपभोकता) पर क्या प्रभाव पड़ेगा। या अमुक वस्तु पर जारी **कर** परिवर्तन करना उचित है अथवा अनुचित। लेकिन प्रत्येक **कर** परिवर्तन पर परिवर्तनकर्ता (सरकार) इस बात का अवश्य रखती है, कि–

1• यदि वस्तु के उत्पादन/विक्रय पर कर में x% वृद्धि दर्ज होने पर वस्तु के उपभोग (मांग) मात्रा में y% कमी दर्ज हो तो y ≤ $\frac{100x}{100+x}$ की न्यूनतम शर्त बनी रहे।

2• यदि वस्तु के उत्पादन/विक्रय पर कर में x% कमी दर्ज होने पर वस्तु के उपभोग (मांग) मात्रा में y% वृद्धि दर्ज हो तो

$Y \geq \frac{100x}{100-x}$ की न्यूनतम शर्त बनी रहे।

यदि वस्तु के उत्पादन/विक्रय पर **कर** में वृद्धि दर्ज होने पर किये जाने पर उपभोग मात्रा में वृद्धि की स्थिति दर्ज हो तो तो उस वस्तु के उत्पादन/विक्रय पर पुनः कर वृद्धि दर्ज किया जा सकता है। जैसे डीजल ,पेट्रोल, सोना चांदी ....आदि का मूल्य बढ़ने पर भी उसके उपभोग में वृद्धि का क्रम सतत् जारी है। अतः इनका मूल्य उत्तरोत्तर बढ़ता ही जा रहा है।

----------11----------

अध्याय 12
बजट संतुलन

12-1 बजट संतुलन सुनिश्चित या अपरिवर्तित आय पर आजिविका चलाने में उपभोग की वस्तुओं का बाजार मूल्य को दृष्टिगत करना होता है। हम अपने उपभोग की वस्तुओं की मात्रा को वस्तुओं के बाजार मूल्य के आधार पर सुनिश्चित करते है। जैसे घर में शक्कर की मासिक खपत 5 किलो जिसके लिए 18 रूपये /किलो की दर से खर्च राशि 90 रूपये सुनिश्चित है। लेकिन यदि शक्कर बाजार भाव बढ़कर 20 रूपये /किलो की दर पर हो जाय और उस पर खर्च राशि 90 रूपये ही सुनिश्चित हो तो हमें शक्कर की मासिक खपत 4.5 किलो ही करना होगा। अर्थात् माह में शक्कर की खपत मात्रा में 0.5 किलो की कटौती करना होगा। और यदि शक्कर बाजार भाव घ्टकर 15रूपये /किलो की दर पर हो जाय और उस पर खर्च राशि 90 रूपये ही सुनिश्चित हो तो हमें शक्कर की मासिक खपत 6 किलो कर सकते। अर्थात् माह में शक्कर की खपत मात्रा में 1 किलो की बढ़ा सकते है। उस प्रकार के अध्ययन को बजट संतुलन कहते है।

12-2 बजट संतुलन प्रमेय गणित अध्ययन में वस्तु के मूल्य वृद्धि (बढ़ती)/कमी(घटती) तथा वस्तु के उपभोग मात्रा में कमी(कटौती)/वृद्धि(बढ़त) को % मान में लिया जाता है। इन % मान के आधार पर बजट संतुलन प्रमेय निम्नानुसार होंगे।

प्रमेय 1 सुनिश्चित या अपरिवर्तित आय पर किसी वस्तु का मूल्य x% बढ़ जाने पर उस वस्तु के उपभोग मात्रा मे $\frac{100x}{100+x}\%$ की कटौती करने पर उस वस्तु पर होने वाला व्यय बजट संतुलित रहता है।

उपपत्ति माना कि सुनिश्चित या अपरिवर्तित आय पर एक उपभोक्ता अपने बनाये बजट संतुलन में किसी आवश्यक वस्तु के प्रति रूपये r ही व्यय करने की पात्रता रखता है। जिसका बाजार भाव a रूपये/ईकाई की दर पर का b इकाई मात्रा ही उपभोग करने की स्थिति बनती है। अतः रूपये r =रूपये a*b

अब यदि उक्त आवश्यक वस्तु के बाजार भाव x% बढ़ जाता है। तब वस्तु का बाजार भाव $\frac{(100+x)*a}{100}$ रूपये/ईकाई हो जावेगा। जिससे व्यय करने की पात्रता रूपये r पर उस वस्तु का $\frac{100*r}{(100+x)*a} = \frac{100*a*b}{(100+x)*a} = \frac{100*b}{100+x}$ इकाई मात्रा उपभोग कर सकेगा।

अर्थात् वस्तु के उपभोग मात्रा में कुल कटौती $= b - \frac{100*b}{100+x} = \frac{b*x}{100+x}$ इकाई

अतः (कटौती का % मान)*(वस्तु की उपभोग की सुनिश्चित मात्रा) = 100* (वस्तु के उपभोग मात्रा में कुल कटौती)

$\Rightarrow$(कटौती का % मान)* b = $100*\frac{b*x}{100+x}$ से कटौती का % मान = $\frac{100x}{100+x}$ प्रमाणित हुआ।

प्रमेय 2 सुनिश्चित या अपरिवर्तित आय पर किसी वस्तु का मूल्य x% की कमी हो जाने पर उस वस्तु के उपभोग मात्रा मे $\frac{100x}{100-x}\%$ की वृद्धि करने पर उस वस्तु पर होने वाला व्यय बजट संतुलित रहता है।

उपपत्ति माना कि सुनिश्चित या अपरिवर्तित आय पर एक उपभोक्ता अपने बनाये बजट संतुलन में किसी आवश्यक वस्तु के प्रति रूपये r ही व्यय करने की पात्रता रखता है। जिसका बाजार भाव a रूपये/ईकाई की दर पर का b इकाई मात्रा ही उपभोग करने की स्थिति बनती है। अतः रूपये r =रूपये a*b

अब यदि उक्त आवश्यक वस्तु के बाजार भाव में x% की कमी हो जाता है। तब वस्तु का बाजार भाव $\frac{(100-x)*a}{100}$ रूपये/ईकाई हो जावेगा। जिससे व्यय करने की पात्रता रूपये r पर उस वस्तु का $\frac{100*r}{(100-x)*a} = \frac{100*a*b}{(100-x)*a} = \frac{100*b}{100-x}$ इकाई मात्रा उपभोग कर सकेगा।

अर्थात् वस्तु के उपभोग मात्रा में कुल वृद्धि $= \frac{100*b}{100-x} - b = \frac{b*x}{100-x}$ इकाई

अतः (वृद्धि का % मान)*(वस्तु की उपभोग की सुनिश्चित मात्रा) = 100* (वस्तु के उपभोग मात्रा में कुल वृद्धि)

$\Rightarrow$ (वृद्धि का % मान)* $b = 100*\frac{b*x}{100+x}$ से वृद्धि का % मान $= \frac{100x}{100-x}$ प्रमाणित हुआ।

विडम्बना– विडम्बना यह है कि ऐसे सरल मौखिक हल श्रेणी के प्रश्न को दीर्घ उत्तरीय श्रेणी का प्रश्न मानकर व्यापक हल प्रस्तुति देना आधुनिक गणित की परम्परा में आज भी प्रचलित है। जो कि उक्त प्रमेय की उपपत्ति (प्रमाणन) ही है।

उदाहरण 1■ शक्कर का बाजार भाव 25% बढ़ गया । बताओ एक उपभोक्ता को शक्कर के उपभोग मात्रा कितने % कटौती करना होगा जिससे शक्कर पर होने वाला व्यय बजट यथा संतुलन में बना रहे।

हल शक्कर का बाजार भाव में वृद्धि का % मान $x = 25$

$\therefore$ शक्कर के उपभोग मात्रा में कटौती का% मान $= \frac{100x}{100+x} \Rightarrow \frac{100*25}{100+25} = \frac{2500}{125} = 20\%$ अभीष्ट उत्तर होगा।

उदाहरण 2■ दूध का बाजार भाव 20% घट गया । बताओ एक उपभोक्ता को दूध के उपभोग मात्रा कितने % वृद्धि करना होगा जिससे दूध पर होने वाला व्यय बजट यथा संतुलन में बना रहे।

हल दूध का बाजार भाव में का % मान $x = 20$

$\therefore$ दूध के उपभोग मात्रा में वृद्धि का% मान $= \frac{100x}{100-x} \Rightarrow \frac{100*20}{100-20} = \frac{2000}{80} = 25\%$ अभीष्ट उत्तर होगा।

विशेष स्थितियाँ 1• वस्तु के उपभोग मात्रा में कटौती का % मान पूरा–पूरा 100% होने के लिए वस्तु के मूल्य वृद्धि का % मान $x = \infty$ (अनन्त) होगा। अर्थात् वस्तु का उत्पादन ही नहीं होगा।

प्रमाण उपभोग मात्रा में कटौती का % मान $= \frac{100x}{100+x} \Rightarrow 100 = \frac{100x}{100+x} \Rightarrow 10000 + 100x = 100x$

$\Rightarrow 0x = 10000 \Rightarrow x = \frac{1000}{0} = \infty$ (अनन्त) प्रमाणित हुआ।

2• वस्तु के मूल्य कमी का % मान $x = 100\%$ होने पर वस्तु के उपभोग मात्रा में वृद्धि का % मान ∞ (अनन्त) होगा। अर्थात् वस्तु मुफत में मिलने पर वस्तु का उपभोग स्वैच्छिक ∞ (अनन्त) मात्रा में किया जा सकता है।

जैसे हवा और सूर्य का प्रकाश।

उपभोग मात्रा में वृद्धि का % मान $= \frac{100x}{100-x} = \frac{100*100}{100-100} = \frac{1000}{0} = \infty$ (अनन्त) प्रमाणित हुआ।

----------12----------

आपके मार्गदर्शन की अभिलाषा में

• आपका स्नेहकांक्षी •

पंचराम केशरिया

चँादनी चौक नगर अर्जुन्दा जिला बालोद (छ.ग.) भारत

p.in 491225 mn 96300-86128• 96852-67495•